VPL

वर्ष 10 अंक 221
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
20 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर


nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 ममता ने तृणमूल सांसद यूसुफ पठान को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल से... | 06 मुस्लिम जगत का चौधरी बनने को बेकरार एर्दोगन! | 11 मैं अनुभव का प्रशंसक हूं, अनुभव टूर्नामेंट जीतने में मदद करता है: फ्लेमिंग







## सपा का जन्म ही मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए के साथ हुआ : ब्रजेश पाठक




**लखनऊ,** (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के 'एक्स' हैंडल पर अपने खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को आरोप लगाया कि सपा का जन्म ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए' के साथ हुआ है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से सोशल मीडिया हैंडल की गहन समीक्षा करने को कहा।

सपा और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर ताजा हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री पाठक ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी का जन्म ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए' के साथ हुआ है और अखिलेश यादव की पूरी राजनीति का मूल यही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी समाजवादी पार्टी पर हमला बोला और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अपने सोशल मीडिया हैंडल की गहन समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि वहां इस्तेमाल की जाने वाली भाषा शालीन, संयमित और गरिमामय हो।

समाजवादी पार्टी के 'एक्स' हैंडल पर पाठक के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट किए जाने के बाद शनिवार को लखनऊ में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'सपा के डीएनए में खराबी' की बात कहने पर सपा प्रमुख उसी तरह आपे से बाहर हो गए जैसे दस साल पहले वह उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर हो गए थे।

उन्होंने कहा, "डीएनए में खराबी से हमारा मतलब किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि आपकी पार्टी की राजनीतिक सोच से है। डीएनए में खराबी का मतलब यह है कि आपकी पार्टी की राजनीति की बुनियाद ही जातिवाद और तुष्टीकरण पर टिकी रही है। समाजवादी पार्टी ने कभी सबका साथ-सबका विकास की बात की ही नहीं। आपकी प्राथमिकता हमेशा वोटबैंक की राजनीति रही है, नीतियों और आदर्शों से आपका दूर-दूर तक लेना-देना नहीं रहा है।"

उपमुख्यमंत्री ने कहा, "दरअसल मुस्लिम तुष्टीकरण ही आपकी राजनीति का केन्द्रीय हिस्सा रहा है। आप किसी भी राजनीति विज्ञानी से बात कर लें। वह आपको समझाएगा कि आपकी पार्टी का जन्म ही मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए के साथ हुआ है और आपकी पूरी की पूरी राजनीति की दाल-रोटी भी यही है।"

पाठक ने आरोप लगाया कि सपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए आतंकियों से जुड़े 14 मामले एक साथ वापिस लिए, ताकि सपा के ''मुस्लिम तुष्टीकरण वाले डीएनए को खाद पानी मिलता रहे''।

उन्होंने कहा ''ऐसे में मैं अच्छी तरह समझा सकता हूं कि डीएनए पर सवाल उठाने से आप इतने तिलमिलाए क्यों हैं?''

इसी मामले पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, ₹यद्यपि समाजवादी पार्टी से किसी आदर्श आचरण की अपेक्षा करना व्यर्थ है, किंतु सभ्य समाज उनके अशोभनीय एवं अभद्र वक्तव्यों को सहन नहीं कर सकता।"

उन्होंने कहा, "समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चाहिए कि वे अपने सोशल मीडिया हैंडल्स की भली भांति समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि वहां प्रयुक्त भाषा मर्यादित, संयमित और गरिमापूर्ण हो।"

समाजवादी पार्टी के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को निशाना बनाकर कथित आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने के बाद पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार देर रात कहा था कि उन्होंने अपने लोगों से आश्वासन लिया है कि ऐसा दोबारा नहीं होगा और उम्मीद है कि पाठक भी इस तरह के बयान देना बंद कर देंगे।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री ने रविवार को अखिलेश से कहा कि वह अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं को पढ़ने और जनेश्वर मिश्र के भाषणों को सुनने के लिए कहें, ताकि उनके व्यवहार में समाजवाद झलके।

## पूर्व भाजपा सांसद उदय सिंह को जन सुराज पार्टी का पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया : प्रशांत किशोर

पटना, (भाषा) जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को घोषणा की कि पूर्व भाजपा सांसद उदय सिंह को सर्वसम्मति से पार्टी का पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है।

किशोर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब वह जनसंपर्क पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा संगठन चलाने की जिम्मेदारी उदय सिंह और आरसीपी सिंह जैसे लोगों को सौंपेंगे जो रविवार को पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ''मैं कल से बिहार में अपनी पदयात्रा फिर से शुरू कर सकता हूं।''

किशोर ने यह भी कहा कि उदय सिंह को इस उद्देश्य के लिए गठित समिति द्वारा ''केवल बहुमत से नहीं, बल्कि सर्वसम्मति से चुना गया है।''

पिछले साल दो अक्टूबर को गठित जन सुराज पार्टी तभी से बिना किसी पूर्णकालिक अध्यक्ष के काम कर रही थी। किशोर ने साफ किया है कि वह अपने पास कोई पद नहीं रखेंगे। पार्टी की स्थापना के तुरंत बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी मनोज भारती को ''कर्यकारी अध्यक्ष'' बनाया गया था। वर्ष 2004 और 2009 में भाजा के टिकट पर पूर्णिया लोकसभा सीट जीतने वाले उदय सिंह सेवानिवृत्त नौकरशाह एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य एन के सिंह के छोटे भाई हैं। जन सुराज पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष 2014 से ही राजनीतिक रूप से हाशिये पर चले गए थे।

## उप्र: डूबने की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत



**लखनऊ/गोंडा/शामली** (उप्र), 18 मई (भाषा) उत्तर प्रदेश के गोंडा, शामली और लखनऊ जिलों में रविवार को अलग-अलग घटनाओं में डूबने से चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई।

गोंडा से अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय के हवाले से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक परसपुर थाना क्षेत्र के अहेट गांव में दोपहर बाद एक पानी भरे गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। वे तीनों पास के खेत में पानी भरे गड्ढे में नहाने गए थे। मृतकों की पहचान निगम उर्फ राजा बाबू (नौ), राजन (10) और राम (10) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कराकर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

कर्नलगंज के उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

शामली जिले से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, शहर कोतवाली क्षेत्र के लिलोन गांव में अनुज (18) और उसका दोस्त विशाल (16) एक नहर में नहाते वक्त डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से शव बरामद कर लिए गए हैं।

राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में तीन दोस्त गोमती नदी के गैला घाट पर नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गए। मृतकों की पहचान हमजा (18), एजाज (17) और शमी (24) के रूप में हुई है। वे सभी ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के निवासी थे। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से शवों को नदी से बाहर निकाला गया।

## आंध्र प्रदेश: कार में बंद हो जाने के कारण दम घुटने से चार बच्चों की मौत




द्वारापुदी (आंध्र प्रदेश), (भाषा) आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में एक कार के अंदर बंद हो जाने के कारण दम घुटने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घर के बाहर खेल रहे बच्चे वहां मौजूद एक कार में रविवार दोपहर करीब 12 बजे घुसे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "वे बाहर नहीं निकल पाए, क्योंकि बच्चों के अंदर प्रवेश करने के बाद कार के दरवाजे अपने आप बंद हो गए थे।" उन्होंने बताया, "ऐसा लगता है कि बच्चों के कार में घुसने के बाद वाहन का 'ऑटो-लॉक सिस्टम' चालू हो जाने के कारण वे अंदर फंस गए।" अधिकारी ने बताया कि शव छह घंटे बाद रविवार शाम छह बजे बरामद किए गए।

पुलिस ने बताया कि वहां से गुजर रही एक महिला ने कार के शीशे में कथित तौर पर देखा और पाया कि बच्चे अंदर बेसुध पड़े हैं, जिसके बाद उसने शोर मचाया। पुलिस के अनुसार, मालिक ने घर के पास जगह की कमी के कारण कार को गांव के बाहरी इलाके में पार्क किया था।

पुलिस ने बताया कि खेलते-खेलते बच्चों का ध्यान खाली वाहन पर गया। पुलिस के अनुसार, चारों बच्चों ने कार का ताला खुला पाया, उसके बाद दरवाजा खोला और अंदर चढ़ गए। पुलिस ने बताया कि उस समय सड़क पर कोई और मौजूद नहीं था। पुलिस के मुताबिक, एक लड़का कथित तौर पर पहले बेहोश हुआ और फिर उसकी मौत हो गई, जबकि बाकी तीन को शायद गर्मी और ऑक्सीजन की कमी के कारण घबराहट हुई होगी, जिससे उनकी मौत हुई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि कार में चाइल्ड लॉक नहीं था।

पुलिस को संदेह है कि बच्चों ने गलती से सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम को चालू कर दिया, जिससे वे अंदर बंद हो गए। पुलिस ने बताया कि विशाखापत्तनम में अपने भाई की शादी में शामिल होने के बाद गांव लौटे कार के मालिक ने दो दिन पहले एक संकरी गली में कार पार्क की थी। पुलिस के मुताबिक, वाहन को जब्त कर लिया गया और तकनीकी मूल्यांकन के लिए इसे कार निर्माता के पास भेजा जाएगा।

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में चार लोगों की मौत, 20 अन्य घायल

कराची, (भाषा) पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बाजार के निकट बम विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। सोमवार को मीडिया ने यह खबर दी।

यह विस्फोट रविवार को बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला जिले में जब्बार बाजार के पास हुआ, जिससे इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और लोगों में दहशत फैल गई।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार के अनुसार, विस्फोट के बाद कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं और विभिन्न प्रतिष्ठानों में आग लग गई।

किला अब्दुल्ला के उपायुक्त रियाज खान ने बताया कि विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह बाजार फ्रंटियर कोर (एफसी) किले की पिछली दीवार के पास स्थित है तथा विस्फोट के बाद अज्ञात हमलावरों और एफसी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

## प्रधानमंत्री कांग्रेस को बदनाम करते थे, अब मजबूरन उसकी मदद लेनी पड़ रही है: रमेश



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू का यह दावा ''पूरी तरह झूठा'' है कि सरकार ने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए मुख्य विपक्षी दल से चार नाम नहीं मांगे थे।

उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रतिनिधिमंडलों के लिए नामों की स्वीकृति नहीं लेकर सरकार ने तुच्छ राजनीति की है और विदेशी दौरों पर कांग्रेस के बारे में बुरा-भला कहने तथा उसे बदनाम करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब उसकी मदद ले रहे हैं क्योंकि उनका विमर्श 'पंचर' हो चुका है।

रीजीजू ने एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक से बातचीत में कहा है कि सरकार ने कांग्रेस से चार नाम नहीं मांगे थे, बल्कि प्रतिनिधिमंडलों के संदर्भ में शिष्टाचार के चलते उसे सूचित किया था।

इस बारे में पूछे जाने पर रमेश ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह पूरी तरह झूठ है। रीजीजू झूठ बोल रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि रीजीजू ने 16 मई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से फोन पर बात की और विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए चार नाम मांगे।

रमेश के मुताबिक, उसी दिन राहुल गांधी ने चार नेताओं के नाम प्रस्तावित करते हुए रीजीजू को पत्र लिखा था।

उनके अनुसार, ''हमने जो चार नाम सुझाए थे, उनमें से सिर्फ एक नाम (आनंद शर्मा) प्रतिनिधिमंडल के लिए चुना गया और पार्टी से ही चार अन्य नाम चुने गए जो हमने नहीं सुझाए थे। इन चार नामों को लेकर उन्होंने पार्टी से कोई बात नहीं की। सरकार के स्तर पर तो यह अनुचित है। असल में यह तुच्छ राजनीति है। सरकार को सभी नामों की स्वीकृति पार्टी से लेनी चाहिए थी।''

रमेश ने कहा कि इसके बावजूद कांग्रेस के ये सभी नेता प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर जाएंगे क्योंकि कांग्रेस हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च मानकर राजनीति करती है।

कांग्रेस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष रखने के लिए जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों में अपने चार नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को शामिल करने का प्रस्ताव दिया था।

सरकार ने जब प्रतिनिधिमंडलों में शामिल नामों की सूची जारी की तो इन चारों में से सिर्फ शर्मा का नाम उस सूची में शामिल था। कांग्रेस के चार अन्य नेताओं- शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद को सरकार ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है जो पार्टी द्वारा भेजी गई सूची का हिस्सा नहीं थे।

रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''यह वही प्रधानमंत्री हैं, जो कभी कतर, कभी अमेरिका, कभी ऑस्ट्रेलिया में..., हर जगह कांग्रेस के बारे में बुरा-भला कहते थे। अब वह कांग्रेस की मदद ले रहे हैं। असल में यह 'डैमेज कंट्रोल डेलीगेशन' हैं... उनका विमर्श पंचर हो चुका है।''

बाद में उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''11 वर्षों तक विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस को गालियां देने और बदनाम करने के बाद अब प्रधानमंत्री को मजबूरन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजना पड़ रहा है। सच यह है कि भाजपा की जहरीली घरेलू राजनीति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को भारी नुकसान पहुंचाया है। मोदी सरकार की ढकोसले भरी कूटनीति बुरी तरह विफल रही है और भारत को एक बार फिर पाकिस्तान के साथ एक ही तराजू में

## उत्तर भारत में सक्रिय जासूसी नेटवर्क मामले में पंजाब हरियाणा और उप्र से अब तक 12 जासूस गिरफ्तार



नयी दिल्ली, (भाषा) पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पिछले दो सप्ताह में एक यूट्यूबर समेत कम से कम 12 लोगों को पकड़ा गया है। जांच में ये सामने आया है कि वे उत्तर भारत में सक्रिय पड़ोसी देश से जुड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। इनमें से छह को पंजाब से और चार को पड़ोसी राज्य हरियाणा से पकड़ा गया है।

गिरफ्तार किए गए लोगों में हरियाणा की यूट्यूबर समेत दो महिलाएं नयी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के कथित तौर पर संपर्क में थीं। भारत ने 13 मई को जासूसी में कथित रूप से शामिल होने के कारण पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को संवेदनशील जानकारी कथित तौर पर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये संदिग्धों के वित्तीय लेन-देन की जांच और उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का फॉरेंसिक विश्लेषण भी किया जा रहा है। पंजाब और हरियाणा से की गई गिरफ्तारियों के अलावा, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक कथित एजेंट को रविवार को उत्तर प्रदेश के रामपुर से विशेष कार्य बल द्वारा गिरफ्तार किया गया। पंजाब पुलिस ने चार मई को अमृतसर के अजनाला के रहने वाले फलकशेर मसीह और सूरज मसीह को सीमावर्ती जिले में सेना के छावनी क्षेत्रों व हवाई अड्डों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें आईएसआई को भेजने में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने बताया था कि दोनों आरोपी सेना की गतिविधियों, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) शिविरों और हवाई अड्डों, तस्वीरों और अन्य संवेदनशील आंकड़ों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करने और पाकिस्तान में अपने आकाओं को भेजने में कथित तौर पर शामिल थे। दिल्ली स्थित उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी अधिकारी दानिश से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए पंजाब पुलिस ने 11 मई को एक महिला सहित दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था।

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने लोंगेवाला का दौरा किया, ऑपरेशन सिंदूर में सैनिकों की भूमिका को सराहा

**जैसलमेर/नयी दिल्ली,** (भाषा) सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को राजस्थान में अग्रिम इलाका लोंगेवाला का दौरा किया, जहां उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता में उनकी ''अनुकरणीय भूमिका'' के लिए बधाई दी। अधिकारियों ने बताया कि जनरल द्विवेदी ने भारतीय वायुसेना और सीमा सुरक्षा बल के साथ समन्वय में की गई संयुक्त कार्रवाइयों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान थलसेना, वायुसेना और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाइयों ने न केवल ''दुश्मन के मंसूबों पर पानी फेर दिया'' बल्कि पश्चिमी मोर्चे पर अभियानगत प्रभुत्व बनाए रखने में एक ''न्यू नॉर्मल'' भी स्थापित किया।

## भारत-पाक सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा: मिसरी ने संसदीय समिति से कहा



नयी दिल्ली, (भाषा) विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा तथा पड़ोसी देश की ओर से परमाणु (खतरे) का कोई संकेत नहीं दिखा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि मिसरी ने सरकार के इस रुख को दोहराया कि सैन्य कार्रवाई रोकने पर द्विपक्षीय स्तर पर सहमति बनी थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच संघर्ष को रोकने में अपने प्रशासन की भूमिका होने का दावा किया था। समिति की बैठक में कुछ विपक्षी सदस्यों ने ट्रंप के इस दावे को लेकर भी सवाल उठाया।

सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने सैन्य संघर्ष में चीनी उपकरणों का इस्तेमाल किया था। मिसरी ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया।

भारत और पाकिस्तान द्वारा शत्रुता समाप्त करने का निर्णय लिए जाने के बाद वाहवाही लूटने के इरादे से ट्रंप द्वारा किए गए कई सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में जब विपक्ष के एक सदस्य ने पूछा, तो विदेश सचिव ने चुटकी लेते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐसा करने के लिए उनकी अनुमति नहीं ली थी। सूत्रों ने बताया कि समिति के सदस्यों ने सैन्य संघर्ष रुकने के बाद मिसरी को 'ट्रोल' किए जाने की घटना की सर्वसम्मति से निंदा की और उनके पेशेवर आचरण की प्रशंसा की।

भारत के खिलाफ तुर्की के प्रतिकूल रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तुर्की पारंपरिक रूप से भारत का समर्थक नहीं रहा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपराजिता सारंगी एवं अरुण गोविल आदि ने भाग लिया।

# छत के पंखों में एंटी सुसाइड सीलिंग रॉड लगाने से हज़ारों जाने बचाई जा सकती हैं: कर्नल विनोद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कर्नल विनोद पीएमजी वाराणसी ने बताया कि देश में बहुत से बच्चों की परीक्षा में अच्छे नंबर न लाने की वजह से हत्तोत्साहित होते हैं और कभी-कभी आत्महत्या कर लेते हैं, हाल ही में कोटा के कोचिंग केन्द्रों में इस तरह की घटनाएँ हुई हैं और काफी हद तक एंटी सुसाइड सीलिंग फैन का इस्तेमाल करके रोका जा सकता है वह बनारस के होटल में एलायंस ऑफ एनर्जी एफिशिएंट एनर्जी संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कर्नल विनोद ने बताया कि ज्यादातर लोग सुसाइड के लिए सीलिंग फैन से लटक कर कर सकते हैं। जब कोई व्यक्ति आत्महत्या करने के लिए सीलिंग फैन से लटकने की कोशिश करता है और अगर उसके फैन में एंटी रोड का इस्तमाल किया गया है तो ऐसा करने से वह असफल हो जाएगा क्योंकि पंखा और व्यक्ति सुरक्षित रूप से जमीन पर गिर जाएंगे। एंटी सुसाइड सीलिंग फैन रॉड का इस्तेमाल किसी भी सीलिंग फैन में किया जा सकता है। यह सीलिंग फैन का एक हिस्सा है। कोटा में 2024 में कोचिंग छात्रों द्वारा आत्महत्या के 17 मामले सामने आए, जबकि 2023 में ऐसे 26 मामले सामने आएं। भारत में आत्महत्या एक प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दा है। 2022 में 171,000 आत्महत्याएँ दर्ज की गईं, जो 2021 की तुलना में 4.2% की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27% की उछाल दर्ज करती हैं। प्रति 100,000 जनसंख्या पर आत्महत्या की दर 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई जो इस डेटा के लिए उच्चतम वर्ष है। कर्नल विनोद ने कहा कि फ्रांसीसी लेखक एमिल दुर्खीम ने आत्महत्या के चार अलग-अलग प्रकारों की पहचान की है। अहंकारी आत्महत्या, परोपकारी आत्महत्या, अनोमिक आत्महत्या और भाग्यवादी आत्महत्या और एनोमिक आत्महत्या को तब होने वाली घटना के रूप में परिभाषित किया जब सामाजिक मानक विफल हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उद्देश्यहीनता और दिशाहीनता होती है। युवा लोग जो सामाजिक मुद्दों का सामना कर रहे हैं, उनको चाहिए कि आत्महत्या के विचारों को आवाज़ न दें। कर्नल विनोद ने कहा कि आज अनेक युवा मनोवैज्ञानिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन समस्याओं में स्कूल, विश्वविद्यालय की परीक्षा में असफल होना या रोजगार न मिल पाना शामिल है। कई बार व्यवसायी अनेक कारणों से ऋण या कर्ज के वित्तीय संकट का सामना करते हैं, वे आत्महत्या करने का प्रयास भी करते हैं और आमतौर पर छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर लेते हैं, जो एक आसान विकल्प लगता है। कर्नल विनोद ने कहा कि भारतीय डाक इन ऊर्जा कुशल पंखों के प्रचार और बिक्री के लिए अपने डाकघरों और काउंटरों का नेटवर्क उपलब्ध करा सकता है और डाक विभाग डिलीवरी के लिए एक अच्छा लॉजिस्टिक्स पार्टनर भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि वाराणसी क्षेत्र में कुल 1729 डाकघर हैं, जहां मीडिया पोस्ट के माध्यम से इन पंखों का प्रचार-प्रसार किया जा सकता है तथा खुदरा डाक के तहत इन पंखों की बिक्री सुनिश्चित की जा सकती है। इस कार्यक्रम की ये अच्छी बात रही कि सीलिंग फैन निर्माताओं ने मानव जीवन को बचाने के लिए इस विचार की सराहना की और आश्वासन दिया कि सीलिंग पंखों में इसे शामिल करने के लिए और अधिक शोध किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री सुबोध कुमार, और विभिन्न केंद्र/राज्य सरकार सूक्ष्म और मध्यम उद्योग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही विभिन्न फैन निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधि और निजी क्षेत्र के अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम में बनारस बुनकर एसोसिएशन और ईंट निर्माण इकाई एसोसिएशन के उच्च स्तरीय पदधारक भी कार्यक्रम में शामिल थे, एनर्जी एफिशिएंट फैन को प्रमोशन करने वाली संस्था एईईई के वरिष्ठ निदेशक श्री प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



## संक्षिप्त समाचार

### पुराने कपड़े के गोदाम में लगी आग से लाखों का नुकसान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। थाना भोजपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीनांगल में लगभग शाम के समय अचानक पुराने कपड़ों के गोदाम में आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। सोमवार की देर शाम रानीनांगल के कई गोदाम में पुराने कपड़ों में लगी आग की लपटों ने कई गोदाम घेर लिया। जिससे पूरे ग्राम पंचायत में धुआं व अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार आग को बुझाने के ग्रामीण दौड़ पड़े लेकिन आग पर काबू नही कर सके। जब तक लाखों रुपए का माल जल चुका था। उधर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए फायर ब्रिगेड के मौके पर न पहुंचने से ग्रामीण में काफी रोष था।

### एसजीपीसी, शिअद ने यूट्यूबर ध्रुव राठी से सिख गुरुओं के एआई दृश्य तत्काल हटाने की मांग की



चंडीगढ़ (भाषा) शिरोमणि अकाली दल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सोमवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा सिख गुरुओं को चित्रित करने वाले एआई-निर्मित वीडियो के खिलाफ कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें मानव रूप में या फिल्मों में नहीं दिखाया जाना चाहिए। एसजीपीसी और शिअद ने इस वीडियो को तत्काल हटाने की मांग की है, जिसमें गुरु गोबिंद सिंह और उनके चार बेटों - जिन्हें 'साहिबजादों' के नाम से जाना जाता है - के कृत्रिम मेधा (एआई) से बनाए गए दृश्य हैं।

एसजीपीसी और शिअद ने इस मामले में सरकार से सख्त कार्रवाई की भी मांग की है।

एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा, "इस तरह का चित्रण सिख सिद्धांतों और परंपराओं का उल्लंघन है। सिख धर्म में गुरुओं, साहिबजादों और उनके परिवारों को मानव रूप में या फिल्मों में नहीं दिखाया जा सकता है। इसलिए, इस यूट्यूबर ने सिख धर्म के सिद्धांतों के खिलाफ काम किया है।" शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा, "इस तरह के चित्रण सिख मर्यादा का उल्लंघन करते हैं। इससे समुदाय की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।" बादल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में, सभी 'कंटेंट' निर्माताओं से गुरु साहिबा या सिख इतिहास के बारे में वीडियो बनाते समय अत्यधिक सावधानी और संवेदनशीलता बरतने का आग्रह किया।

## सेना के पराक्रम को राजनीति चमकाने के लिए 'उत्पाद' की तरह 'बेचा' जा रहा है: कांग्रेस

भोपाल (भाषा) कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि रेलवे के टिकटों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर का इस्तेमाल करना राजनीतिक फायदे के लिए सेना के पराक्रम को किसी 'उत्पाद' की तरह 'बेचने' जैसा है। मध्यप्रदेश में नेता प्रतिपक्ष (कांग्रेस) उमंग सिंघार ने 'एक्स' पर मोदी की तस्वीर वाला रेलवे का टिकट पोस्ट किया। उन्होंने कहा, ''सेना के पराक्रम को भी अपनी राजनीति चमकाने के लिए एक उत्पाद की तरह बेचा जा रहा है। केंद्र सरकार कितनी विज्ञापनजीवी हो चुकी है, इसका ताजा उदाहरण देखिए-- रेलवे टिकट पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का इस्तेमाल प्रधानमंत्री के प्रचार के तौर पर किया जा रहा है।'' अब तो खुद प्रधानमंत्री भी उसी कतार में शामिल हो गए हैं।'' सिंघार परोक्ष रूप से मध्यप्रदेश के दो मंत्रियों को लेकर चल रहे विवादों का जिक्र कर रहे थे, जिन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी और सशस्त्र बलों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। राज्य के जनजातीय मामलों के मंत्री विजय शाह ने 'आपरेशन सिंदूर' के बारे में मीडिया के माध्यम से देश-विदेश को जानकारी देने वाली सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को कथित तौर पर 'आतंकवादियों की बहन' कहा था, जिसके बाद से भाजपा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए शाह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिये थे। शाह के बयान से उठे राजनीतिक तूफान थमने से पहले ही मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवादियों और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष भारतीय सशस्त्र बल और सभी सैनिक 'नतमस्तक' हैं।

## भगवत प्रशाद शर्मा को एजुकेशन एक्सीलैंस अवार्ड-2025 से किया गया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

यह सम्मान भगवत प्रशाद शर्मा को ग्रेटर नोएडा के आई आई पी पी टी कालेज में आयोजित "शिक्षक सम्मान समारोह" के अवसर पर राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (भारत सरकार) के पूर्व निदेशक डा० विपिन "साइंटिस्ट" के हाथों प्रदान किया गया। यह सम्मान उनको शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये दिया गया है।

भगवत प्रशाद शर्मा मूल रूप से ग्राम खाम्बी ज़िला पलवल (हरियाणा) के रहने वाले हैं। वो पिछले 30 वर्षों से यहीं ग्रेटर नौएडा में रह रहे हैं। साहित्य के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उनके अनेक लेख और कविताएँ



समय- समय पर पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। जैसे कि मातृशक्ति को नमन, गंगा मैया की गोद में बसती है भारत की महान संस्कृति, देश भक्ति की कविताओं में शहीदों को नमन, वतन के रखवालों को सलाम और अन्य कविताओं के रूप में मातृशक्ति को नमन, पापा की परी होती हैं बेटियाँ, वतन के रखवालों को सलाम आदि अनेक रचनाएँ प्रमुख रूप से मासिक पत्रिका "नेशनल प्रेस टाईम्स" और जाने माने "राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान" में प्रमुखता से प्रकाशित हुई हैं। उनको अनेक मंचों पर भी अपनी कविताएँ सुनाने का शुअवसर प्राप्त होता रहता है। अब तक उनको अनेक बार बड़े-बड़े मंचों पर सम्मानित भी किया गया है।

### मथुरा में इंटर कॉलेज के वरिष्ठ लिपिक पर

## फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

मथुरा (उप्र) (भाषा) मथुरा जिले में जानकी बाई इण्टर कॉलेज के वरिष्ठ लिपिक द्वारा बीमारी के नाम पर ली गई छुट्टियों को जायज ठहराने के लिए कथित रूप से फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र पेशकर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में कोतवाली थाने में वरिष्ठ लिपिक एवं दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। जानकी बाई इण्टर कॉलेज के प्रबंधक के के अरोड़ा का कहना है कि वरिष्ठ लिपिक अक्षय भारद्वाज ने 18 अगस्त 2024 से पांच नवम्बर 2024 तक चिकित्सकीय अवकाश स्वीकृत कर वेतन दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। भारद्वाज ने इसके पक्ष में संयुक्त चिकित्सालय वृन्दावन द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण पत्र लगाया था।

अरोड़ा ने कहा कि लेकिन जब प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए संयुक्त चिकित्सालय वृन्दावन के चिकित्साधीक्षक को पत्र भेजा गया, तो उन्होंने अवगत कराया कि उनके यहां न तो इस नाम के किसी व्यक्ति का उपचार हुआ है

प्रबंधक के मुताबिक इससे साफ हो गया कि वेतन भुगतान के लिए कूटरचित मेडिकल प्रमाण पत्र तैयार किया गया था। इस मामले में थाना पुलिस और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजने के बाद भी जब मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई, तब विद्यालय की ओर से अपर मुख्य न्यायाधिकारी (प्रथम) न्यायालय में याचिका दायर की गई।

अदालत के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी भारद्वाज एवं उसका सहयोग करने वाले दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी और कूटरचित कागजात तैयार करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) देवपाल सिंह पुण्ढीर ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच के उपरांत प्राप्त तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र में डाकघर की सफाई के लिए झाड़ू उठाई

ग्वालियर (भाषा) केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को मध्यप्रदेश में गुना के पास एक डाकघर का औचक निरीक्षण किया और इस दौरान वहां गंदगी देख हाथों में झाड़ू थाम सफाई शुरू कर दी, जिससे सभी हैरान रह गए। गुना के सांसद शिवपुरी-अशोकनगर क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। सिंधिया ने गुना से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित ईसागढ़ डाकघर का दौरा किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि परिसर में गंदगी और अव्यवस्थित स्थिति को देखकर उन्होंने कर्मचारियों से सफाई के तरीकों के बारे में जवाब मांगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब उन्हें संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली तो सिंधिया ने झाड़ू मांगी और परिसर की सफाई शुरू कर दी। उन्होंने कार्यालय के चारों ओर बिखरे



सामानों को भी व्यवस्थित किया।

सिंधिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों को परिसर की नियमित सफाई और रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके साथ गए एक अधिकारी ने पुष्टि की कि मंत्री ने यात्रा के दौरान अनुशासन और स्वच्छता पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र,कृषि विभाग की कई योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

### प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर खरीफ महाभियान-2025 का किया शुभारंभ

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।साथ ही कृषि विभाग की कई योजनाओं का शिलान्यास,लोकार्पण और शुभारंभ किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत कृषि को लाभकारी बनाने हेतु राज्य में बागवानी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार लोक सेवा आयोग से अनुशंसित 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गयी है।मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों सुश्री जया किरण,सुश्री ईरम आरजू,सुश्री साक्षी कुमारी,गणेश कुमार,शुभम कुमार,श्रीमती प्रतिमा मुर्मू,को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 144.72 करोड़ रुपये की लागत से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय,आरा के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।तृतीय कृषि रोड मैप(2017-22)के तहत कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को सुदृढ़



करने हेतु आरा में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना की गयी है।वर्ष 2021-22 से इसका संचालन कृषि महाविद्यालय,बक्सर के परिसर में किया जा रहा है।इसके लिए भोजपुर जिला में 16 एकड़ जमीन चिन्हित कर कुल 144.72 करोड़ रूपये की लागत से भवन निर्माण विभाग के द्वारा भवन का निर्माण किया जायेगा।इसमें प्रशासनिक भवन,क्लास रूम,पुस्तकालय,छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास,कृषि यंत्रों के लिए कार्यशाला एवं आवासीय परिसर का प्रावधान किया गया है।

इस महाविद्यालय में बीटेक(एग्री इजीनियरिंग)में प्रत्येक वर्ष 60 छात्रों का नामांकन किया जायेगा।भोजपुर के हसनपुर में स्थापित हो रहे कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का उद्देश्य है कि युवाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि अभियंत्रण की उच्च शिक्षा मिल सके।यह संस्थान न केवल शिक्षण का केंद्र बनेगा,बल्कि यहां कृषि अनुसंधान,प्रशिक्षण और प्रसार गतिविधियां भी संचालित की जाएगी।इस महाविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों,पोस्ट-हॉर्वेस्ट मैनेजमेंट, संरक्षित खेती और फसल अवशेष प्रबंधन जैसे विषयों में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।यह महाविद्यालय हमारी नई पीढ़ी को रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर 55.26 करोड़ रुपये लागत की 62 अनुमंडल स्तरीय कृषि भवनों का शिलान्यास किया।इसके निर्माण से अनुमंडल स्तर पर कृषि से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध हो जाएगी।इस भवन में किसानों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी कृषि संबंधी सेवाएं, योजनाएं,तकनीकी सलाह और सरकारी सहायता एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

# ममता ने तृणमूल सांसद यूसुफ पठान को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल से बाहर होने के लिए मजबूर किया: भाजपा



नयी दिल्ली, (भाषा) भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तृणमूल सांसद यूसुफ पठान को बहुदलीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल से बाहर होने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया और इसे ''दुर्भाग्यपूर्ण'' करार दिया।

तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि केंद्र द्वारा प्रतिनिधिमंडल में नामित पठान ने विदेश दौरे से दूर रहने का फैसला किया है, हालांकि पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि वह कूटनीतिक प्रयास का बहिष्कार नहीं कर रही है और केवल यह चाहती है कि उसे अपना प्रतिनिधि चुनने की अनुमति दी जाए।

पठान के नाम की घोषणा जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के लिए की गई थी, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत का संदेश देने के लिए, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर जाने वाला है।

तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल के भाजपा सह-प्रभारी अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का तृणमूल सांसद को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल से हटने के लिए मजबूर करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है।"

भाजपा नेता ने कहा, ''इससे यह संदेश जाता है कि ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं हैं।'' उन्होंने कहा, ''आखिरकार, ऐसे क्षण में देश का प्रतिनिधित्व करना राष्ट्रीय गौरव की बात है।''

मालवीय ने बनर्जी की आलोचना करते हुए, उन पर ''सबसे खराब किस्म की राजनीति'' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से, पश्चिम बंगाल इसका खामियाजा भुगत रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य के सामने एक प्रतिकूल जनसांख्यिकीय बदलाव सामने खड़ा है।'' हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने प्रतिनिधिमंडल से बाहर रहने के पठान के फैसले का कारण नहीं बताया, लेकिन ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी दोनों ने सोमवार को कहा कि केंद्र को प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के उम्मीदवार पर फैसला नहीं करना चाहिए।

कोलकाता हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत में बनर्जी ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने के उद्देश्य से केंद्र के बहुदलीय राजनयिक मिशन का बहिष्कार नहीं कर रही है और केंद्र से औपचारिक अनुरोध प्राप्त होने पर वह अपने प्रतिनिधि भेजेगी। उन्होंने कहा, ''अगर वे हमें सूचित करेंगे तो हम निश्चित रूप से अपना प्रतिनिधि भेजेंगे। हम ऐसा क्यों नहीं करेंगे? यहां विवाद का कोई मुद्दा नहीं है। हम पूरी तरह से सरकार के साथ हैं।''

केंद्र ने रविवार को सात प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों के नामों की घोषणा की, जिनमें विभिन्न दलों के राजनीतिक नेता, सांसद और पूर्व मंत्री शामिल होंगे, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के भारत के संकल्प को सामने रखने के लिए विश्व की राजधानियों की यात्रा करेंगे।

प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व बैजयंत पांडा, रविशंकर प्रसाद (दोनों भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), श्रीकांत शिंदे (शिवसेना), शशि थरूर (कांग्रेस), कनिमोझी (द्रमुक) और सुप्रिया सुले (राकांपा-एसपी) कर रहे हैं। वे कुल 32 देशों तथा बेल्जियम के ब्रसेल्स में स्थित यूरोपीय संघ के मुख्यालय का दौरा करेंगे।

## शिल्पा शिरोडकर हुईं कोरोना वायरस से संक्रमित, लोगों से मास्क पहनने की अपील की

नयी दिल्ली, (भाषा) अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 की जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।

उन्होंने ''बेवफा सनम'', ''खुदा गवाह'' और ''गोपी किशन'' जैसी फिल्मों में काम किया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर के साथ अपने स्वास्थ्य की जानकारी साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''नमस्ते दोस्तों! मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। सुरक्षित रहें और मास्क पहनें!'' शिरोडकर की छोटी बहन नम्रता शिरोडकर ने उनके पोस्ट पर ''जल्द ठीक हो जाएं'' टिप्पणी की।

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और निकी अनेजा वालिया ने भी शिल्पा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

शिल्पा हाल में रियलिटी शो ''बिग बॉस'' के 18वें संस्करण में नजर आई थीं।

# कमांडो, साइबर अपराध में प्रशिक्षित 1,308 रंगरूट दिल्ली पुलिस अकादमी से 'पास आउट' हुए



नयी दिल्ली, (भाषा) नये आपराधिक कानून, साइबर अपराध प्रतिवाद, निहत्थे मुकाबला तकनीक और कमांडो रणनीति में प्रशिक्षित 1,308 रंगरूट पुरुष कांस्टेबल दिल्ली पुलिस अकादमी से 'पास आउट' हुए हैं, एक सरकारी बयान में इसकी जानकारी दी गयी है।

दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि बैच संख्या 124 में भर्ती होने वाले कांस्टेबल की कुल संख्या 4,088 है। बयान में कहा गया है कि शेष 2,780 कांस्टेबल मंगलवार को शपथ लेंगे और पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेंगे।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन रंगरूटों को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के साथ समन्वय में आपदा प्रबंधन कौशल से भी लैस किया गया है, इसके अलावा उन्हें आधुनिक पुलिसिंग उपकरणों, सामुदायिक सहभागिता और व्यावहारिक कौशल में भी प्रशिक्षित किया गया है। उसने कहा कि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के शैक्षणिक आधार में संवैधानिक कानून, अपराध विज्ञान, जांच प्रक्रिया, फोरेंसिक विज्ञान और नये आपराधिक कानूनों पर विशेष ध्यान देने वाला मॉड्यूल शामिल था।

विशेष पुलिस आयुक्त (सार्वजनिक परिवहन सुरक्षा प्रभाग) रॉबिन हिबू ने एक बयान में कहा, ''साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अकादमिक मॉड्यूल का एक प्रमुख घटक था, जिसमें डिजिटल फोरेंसिक और ऑनलाइन खतरा शमन शामिल है। शारीरिक प्रशिक्षण में व्यापक अभ्यास, आत्मरक्षा तकनीक और कमांडो-शैली के फील्डक्राफ्ट शामिल थे, जिसमें घात लगाने की रणनीति, छापे की प्रक्रिया और शहरी हस्तक्षेप तकनीक शामिल थी।''

हिबू ने बयान में कहा, ''इन कॉन्स्टेबल ने अपने कमांडो कोर्स के हिस्से के रूप में विस्फोटक और आईईडी से निपटने का प्रशिक्षण भी लिया।'' अधिकारी ने कहा कि एक व्यापक पासिंग आउट परेड आयोजित की गई थी, जिसमें 14 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि टुकड़ी संख्या 14 को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी घोषित किया गया।

बयान में कहा गया है कि नये भर्ती हुए कांस्टेबल विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आते हैं। बयान में कहा गया है कि 1,308 कांस्टेबल में से 42 स्नातकोत्तर हैं, जिनमें एमए, एमकॉम, एमएससी और एमबीए डिग्री धारक शामिल हैं। बयान के अनुसार इसके अतिरिक्त, 738 कांस्टेबल स्नातक हैं, जिनकी योग्यता बीटेक, बीएड और एलएलबी तक है।

पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान नियमित रूप से कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए, जिनमें एनजीओ और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के विशेषज्ञ शामिल थे। उन्होंने कहा कि सत्रों में आपदा प्रतिक्रिया, आर्थिक अपराध, पशु संरक्षण और तनाव और क्रोध प्रबंधन सहित मनोवैज्ञानिक कल्याण को शामिल किया गया।

# न्यायालय ने प्रदूषण नियंत्रण समिति में रिक्तियों को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति में रिक्त पदों को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई और उसे इस साल सितंबर तक सभी पदों को भरने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि कुल 204 रिक्तियों में से अभी तक केवल 83 ही भरी गई हैं।

पीठ ने कहा, ''हम दिल्ली सरकार की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं कर सकते, खासकर उस स्थिति में जब दिल्ली वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। हम राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि सितंबर 2025 तक सभी 204 रिक्तियां भर दी जाएं। पंद्रह अक्टूबर तक हलफनामा दाखिल किया जाए। यदि सभी रिक्तियां नहीं भरी गईं, तो यह घोर अवमानना का मामला होगा।'' शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को अग्रिम रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया छह महीने पहले शुरू करने का भी निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील ने छह महीने का समय मांगा और साल के अंत तक पदों को भरने का आश्वासन दिया।हालांकि, अदालत ने पूछा, ''साल के अंत में क्यों? बोर्ड का गठन सरकार करती है। सरकार यह नहीं कह सकती कि वह पदों को भरने के लिये छह महीने का समय लेगी। हलफनामे में यह भी नहीं लिखा है कि प्रक्रिया कब शुरू होगी। विज्ञापन कब प्रकाशित होगा, आदि।''

शीर्ष अदालत ने इसे दुखद स्थिति बताते हुए दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में रिक्तियों को न भरने के लिए 8 मई को फटकार लगाई।इसके बाद, उसने अगस्त 2024 के अपने आदेश का पालन न करने पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें इस साल 30 अप्रैल तक रिक्तियों को भरने के लिए कहा गया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति में 55 प्रतिशत पद रिक्त हैं और यह चौंकाने वाली बात है कि निकाय ''वस्तुतः निष्क्रिय'' है।

न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए अधिकारियों को यह बताने का आदेश दिया कि अनुपालन नहीं करने के लिए उन्हें न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत दंडित क्यों न किया जाए।

शीर्ष अदालत ने मुख्य सचिवों को यह बताने का आदेश दिया कि उन्हें न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत दंडित क्यों न किया जाए। न्यायालय ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 21 प्रतिशत रिक्त पदों को भी ध्यान में रखा और उन्हें अगस्त 2025 तक भरने का निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) में अधिकारियों की कमी को भी रेखांकित किया और केंद्र को अगस्त 2025 तक रिक्तियों को भरना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# पीडब्ल्यूडी ने सात प्रमुख स्थानों पर जलभराव से निपटने की योजना बनाई



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली सरकार इने शहर भर में सात प्रमुख स्थानों पर जलभराव से निपटने के लिए एक योजना तैयार की है और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कुछ दीर्घकालिक और अल्पकालिक कार्यों को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जलभराव की आशंका वाले सात स्थानों में मिंटो रोड अंडरपास, पुल प्रहलादपुर अंडरपास, डब्ल्यूएचओ बिल्डिंग के सामने रिंग रोड, जखीरा फ्लाईओवर के नीचे, लोनी रोड गोल चक्कर, जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन रोड और कराला कंझावला रोड शामिल हैं। सरकार के एक अधिकारी ने बताया, "कोई चूक या लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सात महत्वपूर्ण जलभराव बिंदुओं पर मुख्य अभियंता की विशेष नजर है। इन स्थानों पर सावधानीपूर्वक निगरानी की जा रही है।" मिंटो ब्रिज अंडरपास पर दीर्घकालिक उपाय के रूप में, लोक निर्माण विभाग मिंटो रोड के साथ एक वैकल्पिक नाले का निर्माण कर रहा है, ताकि पानी को जेएलएन मार्ग की ओर मोड़ा जा सके।


### नाम परिवर्तन सूचना

पूर्व में त्रुटि के कारण मेरा नाम सुबोध राय हो गया था, जो कि मैंने अब अपने आधार कार्ड व अन्य कागजात में सुबोध कुमार करा दिया है। अतः अब मेरा सही नाम सुबोध कुमार है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। बी 297ए, गली नंबर 28, महावीर एन्क्लेव डी के गार्डन, उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली110098



### कार्यालय ग्राम पंचायत खेतापुर जहांगीरपुर, विकास खण्ड अमरोहा- जनपद अमरोहा

पत्रांकः– ग्रा.पं./सामाग्री आपूर्ति/निविदा/कूटेशन/2025.26 दिनांकः–19.05.2025

**अल्पकालीन संसोधित निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद् सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत खेतापुर जहांगहीरपुर विकास खण्ड व जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2005–26 हेतु ग्राम पंचायत द्वारा अनुमोदित जीपीडीपी वित्त वर्ष 2025–26 के अनुसार राज्य वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन अथवा ओडीएफ प्लस आरजीएसए, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि बहुदेश्य पंचायत घर योजना व अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य हेतू ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक– 08/04/2025 से 15/04/2025 निविदा/कोटेशन आमंत्रित की गई थी जिसके सापेक्ष संदर्भित दिवसों में ग्राम पंचायत को कोई निविदा अथवा कुटेशन अप्राप्त रहने के कारण ग्राम पंचायत द्वारा निविदा अथवा कुटेशन पुनः आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फॉर्म आपूर्तिकर्ता दिनांकः– 20.05.2025 से 30.05.2025 तक सील बंद निविदाये/कुटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में राखे बॉक्स में जमा कर सकते हैं जो कि दिनांकः– 31.05.2025 को ग्राम पंचायत कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय (सचिवालय) में दोपहर 02:00बजे खोली जाएगी। स्वीकृत/निविदा कुटेशन के अनुसार सामाग्री की आपूर्ति प्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जाएगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (ग्राम प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जाएगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जाएगा। आपूर्तिकर्ता का जीएसटी पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है तथा 3 वर्षों का जीएसटी व इनकम टैक्स रिटर्न,जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड आधार कार्ड कार्यालय में देना अनिवार्य है तथा फर्म या फर्म स्वामी को किसी भी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट ना होने का शपथ पत्र रू100 के स्टॉप पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप पीडब्ल्यूडी के रेट ऑफ ड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री के आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने पर भुगतान की धनराशि में नियम अनुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा तथा निविदा प्रक्रिया में एवं क्रय/प्रदाय प्रक्रिया के मध्य किसी प्रकार का विवाद होने की दशा में उसका निराकरण न्यायालय क्षेत्र अमरोहा उत्तर प्रदेश के अधीन होगा।

| क0सं0 | सामाग्री का नाम | यूनिट मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट | प्रति वेग/टर्न |
| 2. | बालू रेत | घन मी |
| 3 | बजरफुट | घन मी. |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. |
| 5 | 40 एम.एम. इंट, रोड़ी | घन मी. |
| 6 | इंट प्रथम श्रेणी एम–150 | प्रति नग/हजार |
| 7 | ईट बालदार एम–275 | प्रति नग/हजार |
| 8 | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम. एम. | प्रति नग |
| 9 | इंटरलॉक टाइल्स 60 एम एमः | प्रति नग |
| 10 | पंचायत घर के आफिस इक्विपमेंट | प्रति वग/यूनिट |
| 11 | पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट |
| 12 | दीवार टाइल्स | वर्ग मीटर |
| 13 | फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर |
| 14 | सरिया | प्रति कुन्टल |
| 15 | लोहे की ऐंगल/पाइप | प्रति कुन्टल |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल |
| 17 | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्गमीटर/नग |
| 18 | मिटटी दूरी सहित | धन मी. |
| 19 | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/ प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी/वर्ग |
| 20 | सोलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग |
| 21 | स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग |
| 22 | ई. रिक्शा | प्रति नग |
| 23 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग/वर्ग मी. |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग |
| 25 | लोहे का फेसिंग तार | प्रति वर्ग मी. |
| 26 | फूगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग |
| 27 | सी.सी. बेंच डेस्क का वैच | प्रति नग |
| 28 | डस्टबिन | प्रति नग |
| 29 | कूड़ागाड़ी/ठेली एवं सफाई किट | प्रतिनग/यूनिट |
| 30 | सोडियम हाईप्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीनाशक व संक्रमाक रोधकदवाएं | प्रति.ली/कि.ग्र./प्रति पैकेट |
| 31 | प्राईमर लोहा, लकड़ी | प्रति ली. |
| 32 | डिस्टेम्पर, वाल पुटटी, पेट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. |
| 33 | पीवीसी पाइप एवं जी. आई. पाइप | प्रति रनिंग मीटर |
| 34 | हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रतिनग/रनिंग मीटर |
| 35 | हैण्डपम्प रीबोर सामग्री | प्रतिनग/रनिंग मीटर |
| 36 | प्लाई एवं माइका | प्रतिनंग/वर्गफु./वर्गमी. |
| 37 | आरसीसी पाइप/हयूमपाइप | प्रतिनग/रनिग मीटर |
| 38 | वाटर कूलर आर ओ सहित | प्रतिनग |
| 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रतिनग/रनिंग मीटर |
| 40 | इन्सीनेटर | प्रतिनग |
| 41 | प्लम्बरिंग सामग्री | प्रतिनग |
| 42 | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण | प्रतिनग |
| 43 | इलैक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रतिनग |
| 44 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कु.. |
| 45 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग/ली. |
| 46 | पत्थर रोड़ी 40 एमएम | घन मी. |
| 47 | सी.सी.टी.वी. कैमरे/अन्य सामग्री | प्रति नग/प्रति घन मी. |
| 48 | कम्पलीट कार्य | वर्गमी./घन मी./नग |
| 49 | अतिरिक्त कक्ष केन्द्र (CSC) | |
| 50 | अंत्येष्टि स्थल | |
| 51 | पुस्तकालय | |

नोट–
1. निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य रु 100 होगा। 2. यदि किसी भी फर्म/सप्लायर के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचालन में आता है तो सम्बंधित को उसकी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
3. सामान दरें होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिए अधिकृत कर सकती है।
4. सफल निविदादाता को सामग्री आपूर्ति की अनुमानित लागत की 2% धनराशी जमानत के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करनी होगी जोकि अनुबंध की शर्तों का अनुपालन न करने पर जब्त कर ली जाएगी

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खेतापुर जहांगीरपुर
विकास खण्ड अमरोहा- जनपद अमरोहा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खेतापुर जहांगीरपुर
विकास खण्ड अमरोहा- जनपद अमरोहा


## दक्षिण दिल्ली में नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के आरोप में 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 वर्षीय पीड़िता 10 वीं कक्षा की छात्रा है और शनिवार को आरोपी ने अपने आवास पर उससे बलात्कार किया।

# पश्चिमी दिल्ली में व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या, नाबालिग हिरासत में

नयी दिल्ली, (भाषा) पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में 29 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हमले में उसकी बहन समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान कवलजीत सिंह के रूप में हुई है। हमले में उसकी बहन बलजीत कौर (23) और कमल कुमार (47) घायल हो गए।

इस संबंध में पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि करीब चार महीने पहले एक स्थानीय युवक ने बलजीत कौर के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था, जिस पर कवलजीत ने उसे थप्पड़ मार दिया था। उन्होंने कहा कि इससे दोनों के बीच दुश्मनी हो गई थी।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को तड़के करीब सवा तीन बजे अस्पताल से पीसीआर कॉल आई जिसमें बताया गया कि चाकू से कई बार हमला किए जाने के कारण एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई।

जांच के दौरान पुलिस ने बलजीत कौर का बयान दर्ज किया। उसने दावा किया कि उसके भाई को उसके घर के पास दो हमलावरों ने कई बार चाकू मारा। जब उसने और कमल कुमार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया और भाग गए।

बलजीत कौर के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

अधिकारी ने कहा, ''घटना के सिलसिले में एक नाबालिग को पकड़ा गया है। बाकी सह-आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई हैं।''

पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# पर्यावरण मंजूरी पर न्यायालय का निर्णय मोदी सरकार के लिए अभियोग: रमेश



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस महासचिव इजयराम रमेश ने सोमवार को ॉ लगाया कि पर्यावरण मंजूरी से संबंधित उच्चतम न्यायालय का हालिया निर्णय मोदी सरकार के लिए एक ''गंभीर अभियोग'' है, जिसकी पर्यावरण संरक्षण के मामले में घरेलू नीति उसके वैश्विक रुख से बिलकुल अलग है।

उच्चतम न्यायालय ने बीते शुक्रवार को कहा था कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इसने मानदंडों का उल्लंघन करने वाली परियोजनाओं को पूर्वव्यापी प्रभाव से या बाद की अवधि में पर्यावरणीय मंजूरी देने वाले केंद्र के कार्यालय ज्ञापन को भी खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने वनशक्ति संगठन की याचिका पर अपने फैसले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था, ''केंद्र सरकार, प्रत्येक नागरिक की तरह, पर्यावरण की रक्षा करने का संवैधानिक दायित्व रखती है।'' पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''सतत विकास के सिद्धांतों और परिपाटियों की पुष्टि करते हुए एक ऐतिहासिक फैसले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने 16 मई, 2025 को मोदी सरकार के उन कदमों को रद्द कर दिया, जो पूर्व प्रभाव से पर्यावरणीय मंजूरी देने में सक्षम थे। इसने ऐसी मंजूरी को अतार्किक और अवैध घोषित कर दिया।'' उनके अनुसार, उच्चतम न्यायालय ने माना कि मोदी सरकार द्वारा जारी 2017 की अधिसूचना का एकमात्र उद्देश्य उन उल्लंघनकर्ताओं को बचाना था, जिन्होंने जानबूझकर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत पर्यावरण मंजूरी की अनिवार्य आवश्यकता को पूरा नहीं किया था।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। मूल विक्रयपत्र जो कि रजिस्ट्रार कार्यालय उन्नाव में बही संख्या 01,जिल्द संख्या 990 के पृष्ठ संख्या 190-191 मुसन्ना न0 84 दिनांक 04/12/1987 पंजीकृत था। दिनांक 15-05-2025 को कही खो गया है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेज का प्रयोग किया जाता है तो उसको अवैध या शून्य माना जाएगा।

**आकांक्षा चतुर्वेदी पत्नी आदर्श कुमार पांडेय 2/385 कंचन नगर शुक्लागंज उन्नाव। मो. 9648056224 पर सूचित करें।**



### NOTICE

I, Tsultim Zangmo W/o Late Chhering Palzore R/o Chuchot, Leh- UT Ladakh do hereby inform that my name and D.O.B has been wrongly recorded in Army record as Chhultem Zangmo instead of Tsultim Zangmo; and D.O.B as 14-03-1963 instead of 03-04-1963. My actual name is Tsultim Zangmo and actual D.O.B is 03-04-1963. Now, I am applying for said corrections. Objection, if any, conveyed within seven days of this publication.



### सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शकील अहमद एवं उसकी पत्नी नूरजहां व उनके बच्चो के गलत क्रिया कलापों से आजिज आकर हमेशा के लिए सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये सभी नैतिक व अनैतिक कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा।

**मजिबोर निशा पत्नी स्व.बदरुद्दीन 117/269 शारदा नगर कानपुर।208025**



दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia


# अनुसंधानकर्ताओं ने पानी, मानव कोशिकाओं में साइनाइड का पता लगाने वाला सेंसर विकसित किया



नयी दिल्ली, (भाषा) आईआईटी, गुवाहाटी के अनुसंधानकर्ताओं ने एक अत्यधिक संवेदनशील 'फ्लोरेसेंट सेंसर' विकसित किया है, जो केवल पराबैंगनी प्रकाश स्रोत का उपयोग करके पानी और मानव कोशिकाओं में साइनाइड का पता लगा सकता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह सेंसर वास्तविक नमूनों, जैसे नदी के पानी और स्तन कैंसर कोशिकाओं में प्रभावी रूप से काम करता है और इसे 'पेपर स्ट्रिप' के साथ परीक्षण के लिए उपयुक्त माना गया है

'स्पेक्ट्रोकिमिका एक्टा पार्ट ए: मॉलिक्यूलर एंड बायोमॉलिक्यूलर स्पेक्ट्रोस्कोपी' पत्रिका में प्रकाशित शोध के अनुसार यह सेंसर न केवल तेजी से साइनाइड का पता लगाने को संभव बनाता है, बल्कि 'डिजिटल लॉजिक सर्किट' का उपयोग करके उन्नत सेंसर-आधारित उन्नत स्मार्ट उपकरणों के विकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है। यह सेंसर रंग बदलता है और साइनाइड की उपस्थिति में ाेचमकदार रोशनी उत्सर्जित करता है, जो पर्यावरण सुरक्षा और फॉरेंसिक जांच दोनों में योगदान देता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर जी कृष्णमूर्ति के अनुसार, साइनाइड एक अत्यधिक जहरीला यौगिक है, जिसका व्यापक रूप से औद्योगिक प्रक्रियाओं जैसे सिंथेटिक फाइबर के उत्पादन, धातु की सफाई, प्लास्टिक, इलेक्ट्रोप्लेटिंग और सोने के खनन में उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा, ''साइनाइड के अनुचित निपटान से अक्सर यह पर्यावरण में फैल जाता है, जिससे मिट्टी और जल स्रोत दूषित हो जाते हैं। इस दूषित पानी के सेवन से मानव शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हो सकती है। इसकी थोड़ी सी मात्रा भी गंभीर स्वास्थ्य प्रभाव या मृत्यु का कारण बन सकती है। इसलिए, ऐसे सेंसर विकसित करने की आवश्यकता है, जो विभिन्न सामग्रियों में साइनाइड की सूक्ष्म मात्रा का भी पता लगा सकें।'' 'फ्लोरेसेंट केमोसेंसर' ऐसे रसायन होते हैं, जो विशिष्ट रसायनों के साथ संपर्क में आने पर प्रकाश में चमकते हैं। ये सेंसर उपयोग में आसानी, कम लागत, उच्च संवेदनशीलता और जैविक प्रणालियों में उपयोग की क्षमता के कारण लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा कि कई मौजूदा सेंसर पदार्थों का पता लगाने के दौरान अपनी रोशनी को कम करके (जिसे 'टर्न-ऑफ' प्रतिक्रिया के रूप में जाना जाताोाे है) काम करते हैं, वहीं पदार्थों का पता लगाते समय 'टर्न-ऑन' प्रतिक्रिया अक्सर अधिक प्रभावी होती है जहां सिगनल चमकता है। आईआईटी, गुवाहाटी की टीम ने इसी दिशा में एक 'टर्न-ऑन' केमोसेंसर विकसित किया है, जो पराबैंगनी प्रकाश के तहत एक कमजोर नीली प्रतिदीप्ति उत्सर्जित करता है। साइनाइड की उपस्थिति में, यह प्रतिदीप्ति चालू हो जाती है और अणु में रासायनिक परिवर्तन के कारण चमकीले 'स्यान रंग' (नीले और हरे रंग का मिश्रण) में बदल जाती है।



# सेना के सम्मान में निकाली, शौर्य तिरंगा यात्रा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से नगर में भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगर पालिका से शुरू होकर तिकोना स्कूल, सब्जी मंडी, छोटा फाटक, बड़ा फाटक, गंज बाजार, कंचन बाजार, गांधी इंटर कॉलेज से बाईपास मार्ग होते हुए वापस नगर पालिका तक निकाली गई। जहां देश के वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा का समापन हुआ। नगर पालिका परिषद से शुरू हुई यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों के माध्यम से आमजन को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा



यात्रा मां भारती और भारतीय सेना के शौर्य का जयघोष है। यह विजयी संकल्प का उत्सव है जो हमारे जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कूटनीतिक कौशल के साथ सैन्य सामर्थ्य का सही उपयोग कर विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब भारत आतंक के खिलाफ चुप नहीं रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है।

**कई स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत**

यह यात्रा देश की एकता, अखंडता और वीर जवानों को श्रद्धांजलि का प्रतीक है। हर नागरिक का दायित्व है कि वह देश की गौरवशाली परंपरा को जाने और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सम्मान दे। शौर्य तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। इस मौके पर अशोक सैनी, देवेश तंवर, निशांत यदुवंशी, नौशाद मंसूरी, हरीश कुमार, दुलीचंद गिहार, राजू बादशाह, लिपिक सोनू कुमार, बाबू उमेश कुमार, आरती शर्मा, सोनिया अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।**



ए0 के0 के0 इण्टर कॉलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रीतिभाग कर अपनी कला का प्रदर्शन किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं समाजसेवी हाजी बब्बू मंसूरी ने कहा कि हमें रानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवन शैली से प्रेरणा लेनी चाहिए और कॉलेज में छात्रों द्वारा बनाई गयी सुन्दर सुन्दर रंगोलियो की सराहना की।

प्रधानाचार्य मो० आदिल अब्बासी ने संबोधन में बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन में संघर्ष कर भारतीय संस्कृति की रक्षा की। अहिल्याबाई होल्कर का योगदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया उन्होंने महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से के. आर.के. सूरी, फारुख अहमद, अजहर उल हक, आसिम अब्बासी, रणवीर सिंह, शाने हैदर, शुजात अली,अथर आलाम सिद्दीकी, शजर मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने संदिग्ध वाहनों के चैकिंग अभियान चलाया



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में धनौरा थाना क्षेत्र स्थित रसूलपुर माफी पुलिस चौकी पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस द्वारा चलाए गए संदिग्ध वाहन चैकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान पुलिस द्वारा आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चैकिंग की गई। व यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए संदिग्ध वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया था।

## भाकियू टिकैत ने मांगों के निस्तारण की मांगकर सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भाकियू के कार्यकताओं ने मांग करते हुए कहा कि धनौरा क्षेत्र के गांवों में गुलदार का आतंक जोरो पर गुलदार कई किसानों पर हमला कर चुका है वन विभाग द्वारा गांव गांव पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़वाया जाए।

बीते माह आए आंधी तुफान से क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोल व तारों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। ओवर लोड बिजली घरों व ट्यूबवेलो पर लगे ओवर लोड ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जाए। धनौरा बिजली घर के अंतर्गत आने वाले हिरना खेड़ी व लीला खेड़ी गांव में सुचारू रूप से विद्युतापूर्ति की जाए। वेव इंडस्ट्री द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान जल्द से जल्द दिलाया जाए। गन्ना वैरायटी 5009 को 5011 का सर्वे कराया जाए।



बीते माह आंधी के कारण सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटवाया जाए।

वहीं भाकियू के कार्यकताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाली 27 तारिक को भाकियू की एक पंचायत तहसील परिसर में होगी जिसमें सभी शिकायतों से संबंधित अधिकारियों का पंचायत में आना अनिवार्य है अगर अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे तो तहसील के सामने गजरौला चांदपुर मार्ग जाम कर दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों मे चौधरी सौबीर सिंह, देशराज सिंह, सुभाष चीमा, गुरमीत सिंह, जसवंत सिंह, मयंक धारीवाल, वचन सिंह, फकीरा खां, हर्षित, निरंजन सिंह, तुषार दहिया, फुलवास सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय इंटर कॉलेज जब्दा मैं मनाई गई अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी

### छात्राओं ने रंगोली से लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का चित्र बना कर रंगों से सजाया

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

नौगांवा सादात। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज जब्दा में लोक माता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान पर राष्ट्रीय इंटर कॉलेज जब्दा में छात्राओं द्वारा रंगोली एवं अहिल्याबाई होल्कर का चित्र बनाकर दौड़ एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष रामनिवास गोला प्रजापति ने प्रतियोगिताएं करवाई जो बच्चे प्रथम सेकंड द्वितीय स्थान पर आए उनको पुरस्कार भी वितरित करें।

उनको विस्तार से बताते हुए कहा अहिल्याबाई एक महान मराठा शासक थी उन्होंने 1767 से 1795 तक मालवा प्रशासन किया।



वह कुशल प्रशासक और परोपकारी थी उनका जन्म 31 में 1725 को महाराष्ट्र के जोड़ी गांव में हुआ निधन 13 अगस्त 1795 को इंदौर में हुआ था। प्रधानाचार्य रामाशंकर यादव जसवंत सिंह चौहान ऋषिपाल सिंह सहित सभी अध्यापक साथ में शक्ति केंद्र के संयोजक सुरेंद्र सिंह चौहान मेघराज सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## सात वर्षीय मासूम के साथ युवकों ने किया कुकर्म, वीडियो वायरल, तीन युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

मंडी धनौरा। थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म की घटना का मामला सामने आया है। दो युवकों ने मासूम के साथ बारी-बारी से कुकर्म किया और तीसरे युवक ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो को गंभीरता से संज्ञान में लेकर पीड़ित मासूम के पिता की तहरीर के आधार पर लैंगिक अपराध के अंतर्गत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी 7 वर्षीय मासूम के पिता ने पुलिस को बताया कि बीती 18 मई की दोपहर उनका 7 वर्षीय पुत्र गांव घर बैठी अपनी दादी को बुलाने के लिए गया था। रास्ते में मंदिर पर बैठे गांव के तीन युवकों ने पकड़ लिया और कुकर्म किया। और तीसरे आरोपी लालू पुत्र वीर ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। कुकर्म करने के बाद आरोपियों ने 7 वर्ष के मासूम को डराया धमकाया और गाली गलौज की तथा किसी को ना बताने पर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। सात वर्षीय मासूम रोता बिलखता अपने घर पहुंचा और आप बीती अपने परिजनो को बताई। पूरे घटनाक्रम को सुनकर परिजनो के होश उड़ गए। मासूम के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर

मदद की गुहार लगाते हुए न्याय की मांग कर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित मासूम के पिता की तहरीर के आधार पर और वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल के बाद तीनो आरोपियों के खिलाफ लैंगिक धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ लैंगिक अपराध के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है जिला प्रशासन



नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सोमवार को रोज की ही भांति कलैक्ट्रेट में जनता की समस्याओं और शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे भी पूरी गरिमा और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकें। जिलाधिकारी संजीव रंजन का कहना है कि जिला प्रशासन हर नागरिक की सुविधा और सम्मान के लिए सतत प्रयासरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी ना बैठे : सोनू अहलावत



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल पुलिस अधीक्षक जनपद संभल व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात दुस्यंत बालियान के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह (उंशे) के अंतर्गत कस्बा चंदौसी में मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत एवं मुख्य आरक्षी देवेंद्र कुमार के द्वारा यातायात नियमों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया। आपातकालीन वाहनों को रास्ता दें।दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी ना बैठे। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने।वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। नशे की हालत में या शराब पीकर वाहन ना चलाएं। तेज गति से वाहन ना चलाएं। कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें। सड़क चिन्हों के बारे मे जानकारी दी गई।सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के महत्व को समझाया। आपका जीवन अनमोल है सुरक्षित चलें सुरक्षित रहें। यातायात नियमों एवं सड़क चिन्ह संबंधी पंपलेट वितरित किए।

### परिचालक के साथ मारपीट से गुस्साएं परिचालकों ने लगाया जाम

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी इलाके के बुद्ध विहार डिपो पर परिचालकों द्वारा हंगामा किया जा रहा है, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बीच सड़क पर कई लोगों के द्वारा रोडवेज परिचालक के साथ मारपीट की गई, इसी घटना को लेकर परिचालकों में गुस्सा है और न्याय की मॉग कर रहे हैं। बुद्ध विहार डिपो में मारपीट की घटना के विरोध में परिचालक हंगामा किया, यह घटना नोएडा 37 रूट पर की गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। परिचालक के साथ कई लोगों ने मारपीट की। बताते हैं कि निजी बस चालकों ने सवारियों को लेकर मारपीट की। घटना से आक्रोशित बुद्ध विहार डिपो के परिचालक एकत्रित हो गये और जाम लगा दिया तथा मारपीट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मॉग की।

## समस्या समाधान एवं उपलब्धि दिवस के रूप में किया कार्यक्रम

### अगले माह आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन मे होगी वृद्धि : लता वार्ष्णेय

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**

चंदौसी। सोमवार को स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ द्वारा जिला अध्यक्ष अजय कुमार राजभर के नेतृत्व में समस्या समाधान एवं उपलब्धि दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन झून्नीलाल धर्मशाला सीता रोड पर समय सुबह 11:00 बजे से किया गया है अध्यक्ष पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने बताया कि स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ की बैनर से जो भी मांगे आती हैं वह तार्किक तरीके से आती है शासन आदेशों के आधार पर आती हैं जिस कारण उनका पूर्ण किया जाना भी आवश्यक होता है संगठन द्वारा कही हरमांग कर्मचारियों के हित की होती है और पालिका कर्मचारी हित के लिए हमेशा तत्पर है।पालिका अध्यक्षा लता वार्षेर्नेय ने कर्मचारियों को एरियर देने की घोषणा के साथ-साथ




अगले माह आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन वृद्धि के साथ उनके वेतन देने के भी घोषणा कर दी। और वाल्मीकि समाज में दो गमीयों को लेकर भी 2 मिनट का मोनधारण कराया गया।प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की लड़ाई के लिए संघ पालिकाओं से लेकर महापालिकाओं तक और महापालिकाओं से प्रदेश स्तर तक संविदा कर्मचारियों को स्थाई करने की लड़ाई संघ पुरजोर तरीके से लड़ रहा है। अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री और नगर निवासी कैलाश चंद चटवाल द्वारा की गई संचालन विशाल वाल्मीकि द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय अध्यक्षा नगर पालिका परिषद चंदौसी,मुख्य वक्ता मानिक लाल नगर जी प्रदेश अध्यक्ष/संस्थापक ,विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सहदेव प्रदेश प्रमुख महामंत्री,विशिष्ट अतिथि अखिलेश कुमार खिलाड़ी समाजसेवी,कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार राजवर जिला अध्यक्ष,आयोजक- अजय चौहान, विशाल वाल्मीकि,अनिल राधे गुड्डू, टीम राजवर, व समस्त वाल्मीकि समाज मौजूद रहे।

## चोरों ने किसानों के ट्यूबवेल को बनाया निशाना

**नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**

चंदौसी बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बाबई मे चोर ने किसानों के टूबेल से सामान चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर किसानों की ओर से दी गई है।गांव मोहम्मदपुर बाबई निवासी किसान जोगेंद्र सिंह, गफ्फार, अशफाक के जंगलों में नलकूप बने हैं। रविवार की रात चोर नलकूपों में कूमल लगाकर स्टार्टर, बेटरा, सोलर पैनल साफ कर दिए। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह हुई। किसानों ने घटना की तहरीर देकर रिपोर्ट कर आरोपियों की गिफ्तारी की मांग की है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी बनियाठेर द्वारा बताया गया कि इस चोरी के संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं है।



## नगर आयुक्त ने अचल सरोवर का किया निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। सोमवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अचल सरोवर का चीफ इंजीनियर सुरेश चंद के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अचल सरोवर की परिक्रमा मार्ग एसटीपी प्लांट, दुकानों शिव मंदिर का निरीक्षण करते हुए अचल सरोवर में स्मार्ट सिटी द्वारा किये गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता को भी देखा। देर रात्रि नगर आयुक्त ने अचल सरोवर को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पानी से भरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश चीफ इंजीनियर सुरेश चंद को दिए थे अचल सरोवर में पानी भरने का भौतिक सत्यापन करने के लिए सोमवार दोपहर में नगर आयुक्त ने अचल सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अचल सरोवर पर लगा एसटीपी प्लांट पूरी क्षमता के साथ चलता हुआ पाया गया अचल सरोवर में स्थापित स्मार्ट सिटी का समरसेबल और पंप सेट भी पूरी क्षमता के साथ चल रहा था जिससे अचल सरोवर में जल का स्तर भी बढ़ता हुआ दिखाई दिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अचल सरोवर में बनी 33 दुकानों व अचल सरोवर के मेंटेनेंस के लिए इसको नगर निगम को हैंडोवर होने के बारे में चीफ इंजीनियर से पूछा। नगर आयुक्त ने अचल सरोवर की धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए इसे श्रद्धालुओं के लिए पिकनिक स्पॉट के रूप में डेवलप करने के लिए इसके रखरखाव, नौका विहार, श्रद्धालुओं की सहूलियत सुख सुविधाओं आदि की विस्तृत योजना बनाकर ई टेंडर आदि की प्रक्रिया को जल्द करने के निर्देश सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को दिए। नगर आयुक्त ने कहा अचल सरोवर अलीगढ़ की ऐतिहासिक धरोहर है साथ ही साथ स्मार्ट सिटी मिशन का एक बेहतरीन प्रोजेक्ट है अचल सरोवर को आने वाले दिनों में इसकी धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं को प्रभावी बनाने के साथ-साथ इसको धार्मिक पिकनिक स्पॉट के रूप में डेवलप करने का प्रयास किया जाएगा।

# आंगनबाड़ी आईसीडीएस, मिशन शक्ति व समाज कल्याण की हुई बैठक

■डीएम ने सीडीपीओ जुनावई को सचेत करने के दिए निर्देश
■आंगनबाड़ी की उपस्थिति विद्यालयों में लगे : जिलाधिकारी

**नेशनल एक्सप्रेस बिन्दू शर्मा**



सम्भल बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी आईसीडीएस, मिशन शक्ति तथा समाज कल्याण की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत बच्चों के वजन माप पर चर्चा की गयी तथा वीएचएसएनडी सत्र को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सत्र पर लम्बाई एवं वजन अच्छे से हो नहीं तो कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। रॉकेट लर्निंग एनजीओ के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आंगनबाड़ियों पर कार्यवाहियों को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी की उपस्थिति विद्यालयों में लगे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत संतृप्तिकरण कराया जाए। सैम मैम बच्चे,एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र)चंदौसी, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण,लर्निंग लैब पर भी चर्चा की गयी। पूरक पोषण आहार में गैप चिन्हित करने के लिए,समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी आईसीडीएस के अन्तर्गत आधार सत्यापन तथा मोबाइल सत्यापन पर चर्चा की गयी जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत सत्यापन कराने के निर्देश दिए। सीडीपीओ जुनावई को सचेत करने के निर्देश दिए। ई- कवच की प्रगति कम होने को लेकर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देशित किया। मिशन शक्ति बैठक के अन्तर्गत कन्या सुमंगला के लंबित आवेदन पर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधवा पेंशन के सत्यापन के लिए समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। समाज कल्याण के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन, फैमिली आईडी, शादी अनुदान योजना पर चर्चा की गयी। अभ्युदय योजना, आश्रम पद्धति विद्यालय पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान के लंबित आवेदन निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि पर चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की आश्रम पद्धति विद्यालय का अधिक से अधिक प्रचार प्रचार कराया जाए जिससे बच्चों की पंजीकरण अधिक से अधिक हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम व एसपी ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में की पैदल गस्त



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल। सोमवार को जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ शांति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सम्भल व थाना नखासा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा संभल में मुख्य मार्गो, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पैदल गस्त की गयी । पैदल गस्त के दौरान आमजन, व्यापारियों, दुकानदारों आदि से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया और कस्बा वासियों से आपसी सौहार्द व शांति बनाये रखने की अपील की गयी एवं थाना नखासा क्षेत्रान्तर्गत निर्माणधीन पुलिस चौकी के निर्माण सम्बन्धी कार्य का जायजा लिया गया व कार्य को जल्द पूरा किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार आदि पुलिस व प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहें।

### मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, युवक गंभीर रूप से घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल, धनारी। थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम पीपलवाला निवासी ऋषिपाल (45 वर्ष), पुत्र बदन सिंह, सोमवार को किसी कार्य से गांव भागनगर जा रहे थे। इसी दौरान कस्बा धनारी के बस स्टैंड के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में ऋषिपाल सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए घटना स्थल पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया और उनके परिजनों को सूचना दी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, गनीमत रही कि घटना के समय सड़क पर भारी वाहन नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घायल युवक को कई गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि वह जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे।



### माटीकला पुरस्कार हेतु 05 जून तक करें अपना आवेदन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल। सोमवार को सत्यवीर सिंह जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया गया कि उ०प्र० माटीकला बोर्ड से विगत वर्षों की भांति वित्तीय वर्ष 2025-26 में माटीकला व माटी शिल्पकला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरों / शिल्पियों को पुरस्कृत किया जायेगा। माटीकला योजनान्तर्गत मिट्टी के बर्तनों, खिलौने, मूर्तियों आदि का निर्माण कर जीविकोपार्जन करने वाले कुम्हारों, माटीकला शिल्पियों, परंपरागत कारीगरों में जो उत्कृष्ट कार्य करते है, उनको मण्डल स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं इसमें चयनित प्रथम पुरस्कार 15000.00 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 12000.00 रुपए और तृतीय पुरस्कार 10000.00 रुपएं की धनराशि के चेक के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। स्थापित इकाईयों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों से माटीकला पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक आवेदक अपना आनलाईन आवेदन बेवसाइट पर 05.06.2025 तक कर सकते है। आवेदक नामांकन फार्म के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, स्वयं की फोटो और उत्पाद की फोटो अपलोड करना होगा। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय डी० एल० कालोनी स्टेशन रोड बहजोई में सम्पर्क करे।

# अवैध शस्त्र के साथ पिता, पुत्र को किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सम्भल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में अवैध शस्त्र के साथ 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया ।आपको बताते चले की थाना कैलादेवी पर दिनांक 16.05.2025 को थाना कैलादेवी पर पीड़ित रामपाल पुत्र गिरधारी निवासी ग्राम चकरपुर मैमरी थाना कैलादेवी जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षीगण द्वारा पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित पक्ष के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करना तथा धारधार हथियार से वार कर घायल कर देना एवं जोगेन्द्र को गोली मारकर घायल कर देना के सम्बन्ध में थाना कैलादेवी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।सोमवार को थाना कैलादेवी पुलिस टीम द्वारा मु0 में वांछित अभियुक्त दयाराम,बब्लू को मुखबिर की सूचना पर गंगैटा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त बब्लू उपरोक्त की तलाशी के दौरान घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस भी बरामद किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी।

# राज्यकर विभाग ने व्यापारी एवं अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में राज्य कर विभाग, चन्दौसी द्वारा व्यापारी बन्धुओं एवं अधिवक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन स्टेशन रोड स्थित राज्य कर कार्यालय में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेन्द्र उपाध्याय, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर संभाग-बी, मुरादाबाद द्वारा की गयी। कार्यक्रम में चन्दौसी बहजोई/गुन्नौर तहसील के व्यापार मण्डलों, औ?द्योगिक संगठनों तथा कर अधिवक्ता संघो के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान व्यापारियों ?द्वारा जीएसटी प्रणाली से जुड़ी समस्याओं, जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता, रिटर्न फाइलिंग में तकनीकी कठिनाईयां एवं व्यापारी हिर्ता से जुड़े कई बिन्दुओं पर विचार किये गये ।प्रमुख सहभागिता करने वालों में व्यापार संघ की ओर से अरविन्द कुमार गुप्ता, गोविन्द गर्ग, विनोद वार्ष्णेय, प्रेम योवर,मनोज वार्ष्णेय, सुधीर अग्रवाल, कपिल वार्ष्णेय, देवेन्द्र कुमार, गोपाल, अंशुल गोयल आदि एवं अधिवक्ता संघ की ओर से विनोद कमार अरोरा, अजय अग्रवाल, डी सी अग्रवाल, विभोर बंसल, अर्निका अग्रवाल आदि शामिल रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय में व्यापारीगण एवं अधिवक्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुना एवं हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य कर विभाग व्यापारियों के साथ सहयोग एवं संवाद के माध्यम से कर प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य कर विभाग चन्दौसी की ओर से कार्यक्रम का संचालन बब्बू यादव, उपायुक्त ने किया ।

# अहिल्याबाई की याद में विभिन्न कॉलेजो में कार्यक्रम हुए आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

सम्भल। चन्दौसी विधानसभा के नौ कॉलेजो में पहले दिन विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित ।जिसमे भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने स्कूलों में कराए दो दिवसीय कार्यक्रमो के लिए पार्टी के पदाधिकारियो को भेजा गया।भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ टीएस पाल ने बताया अहिल्याबाई होलकर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के विद्धान जिसके लिए आज भी उनको याद किया जा रहा है।शासन आदेश अनुसार अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती पर एफ आर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अभियान संयोजक डॉ टीएस पाल, प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन, राजेश पाल वाहिद हुसैन,मोहम्मद हनीफ।श्री अक्रूर जी इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि डॉ अमित वार्ष्णेय,मुख्य वक्ता पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह,उप प्रधानाचार्य सफिया अंजुम। रामप्यारी आर्य इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि राजश्री अग्रवाल,प्रधानाचार्य कृति कुशवाह। चन्दौसी इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि देवेंद्र गुप्ता मोनू , प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार।सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली में



मुख्य अतिथि माधवेन्द्र सिंह राघव, प्रधानाचार्य करन सिंह।वली मोहम्मद समाज सेवक कॉलेज गुमथल में मुख्य अतिथि चंद्रसेन दिवाकर,मुख्य वक्ता डॉ टीएस पाल,प्रधानाचार्य हुकुम सिंह।इंटर कॉलेज बहजोई में मुख्य अतिथि ललित मोहन शर्मा,प्रधानाचार्य डॉ संजय वार्ष्णेय।चंद्रपाल आर्य इंटर कॉलेज,बहजोई में मुख्य अथिति कमल कुमार कमल,प्रधानाचार्य सुधीर कुमार।हीरादेवी तोताराम गर्ल्स कॉलेज बहजोई में मुख्य अतिथि विकास वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य आशा देवी चौहान ने देवी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।उसके उपरांत बालिकाओं की दौड़,अहिल्याबाई की जीवन पर आधारित रंगोली एवम वाद-विवाद प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता के विजयी छात्र छात्राओं को प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को मैडल एवम प्रमाणपत्र प्रदान किये।

आज एसएम इंटर कॉलेज,नानक चंद्र इंटर कॉलेज,सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवम बीएमजी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण है परिंडा: महेश चन्द्र

**नेशनल एक्सप्रेस**




अलीगढ़। कम्पोजिट विद्यालय बिनूपुर लोधा के तत्वावधान में प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश चन्द्र के निर्देशन में ईको क्लब की एक्टिविटी के अन्तर्गत के लिए बीस विद्यार्थियों को परिंडों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापिक महेश चन्द्र ने कहा कि परिंडा एक पारंपरिक तरीका है। जिसमें लोग पक्षियों के लिए पानी और दाना उपलब्ध कराते हैं। गर्मी के मौसम में यह पक्षियों के लिए बहुत ही आवश्यक होता है, यह न केवल पक्षियों के लिए जीवन रेखा है, बल्कि पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। पक्षी कीटों और अन्य छोटे जानवरों को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परिंदे पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं क्योंकि वे पक्षियों को आकर्षित करते हैं जो परागण और बीज फैलाने में मदद करते हैं। प्रधानाध्यापिका प्रमिला आर्य ने कहा कि परिंदे पक्षियों की बढ़ती संख्या को समर्थन देने में मदद करते हैं, खासकर शहरी क्षेत्रों में जहां प्राकृतिक संसाधन सीमित हो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों के लिए पानी और दाना की उपलब्धता कम हो सकती है और परिंदे इस कमी को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। शहरीकरण के कारण प्राकृतिक आवासों की कमी हो सकती है, और परिंदे पक्षियों को शहरी क्षेत्रों में रहने के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक विकल्प प्रदान कर सकते हैं। परिंदे न केवल पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका निवेदिता वार्ष्णेय, ममता, रश्मि चौधरी, हिमानी, शैली भारत, पूजा माहौर आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस**




अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अजमल खान तिब्बिया कॉलेज के मोलीजात विभाग ने अलीगढ़ के फिरदौस नगर क्षेत्र में जनजातीय लोगों के बीच स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक निःशुल्क आयुष जनजातीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, सफाई और रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य देखभाल के महत्व के बारे में जागरूक करना था, विशेष रूप से संक्रामक रोगों की रोकथाम पर जोर दिया गया। यह शिविर मौलिजात विभाग के अध्यक्ष प्रो0 बदरुद्दुजा खान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया और एक समर्पित चिकित्सा टीम द्वारा प्रभावी ढंग से संचालित किया गया। डॉ0 सदफ ने शिविर की गतिविधियों की निगरानी की और यह सुनिश्चित किया कि आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं लोगों तक पहुंच सकें। माहिर-ए-तिब पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों डॉ0 मोहम्मद मुश्फिक, डॉ0 नावेद अहमद, डॉ0 अब्दुल्ला फैजुल हसन और डॉ0 सालेका मोहम्मदकृने शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेनों में चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। अलीगढ़ जीआरपी पुलिस ने चलती टेज्नों में यात्रियों के सामान की चोरी करने वाले गिरोह के पॉच अभियुक्तों को चेकिंग के दौरान सोमवार को अलीगढ जंक्शन के निकास द्वार के सामने लगे पिलखन के पेड के नीचे चबूतरे से गिरफ्तार किया। पकडे गये अभियुक्त में पंकज पुत्र मुकुट सिंह निवासी रामस्नेही कालोनी रामघाट रोड पीएसी थाना महुआखेडा जनपद अलीगढ, गौरी पुत्र लखन सिंह निवासी पुरानी पुलिया नंगला मान सिंह थाना गाँधी पार्क जनपद अलीगढ, नवाब पुत्र शिशुपाल सिंह निवासी देवी नंगला प्राइमरी स्कूल के पास गली नं0 25 थाना महुआ खेडा जनपद अलीगढ, भगवती प्रसाद पुत्र स्व० रामस्वरूप निवासी ग्राम विनामई पोस्ट लोहगढ थाना अतरौली जनपद अलीगढ व यादराम पुत्र कमल सिंह निवासी लेखराज नगर कालोनी देवी नंगला थाना महुआ खेडा जनपद अलीगढ को समय करीब 07.30 बजे गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से चोरी का सामान दो अंगुठी सोने की, दो चूडी सोने की, एक टोप्स सोने का, एक लॉकेट सोने का, एक जोडी बाली सोने की, एक जोडी झुमकी सोने की, एक ब्रेसलेट सोने का, तीन जोडी पायल चाँदी की, दो जोडी बिछवे चाँदी के, दो कडे चाँदी के, एक चाँदी की चैन, अनुमानित कीमत 10 लाख 10 हजार रुपये बरामद हुआ है।



### पंजाबी धर्मशाला में प्रॉपर्टी को लेकर हंगामा, तनाव का माहौल

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। पंजाबी धर्मशाला में सुबह कुछ लोगों ने खूब हंगामा किया, अपनी प्रॉपर्टी बताकर रह रहे लोगों को निकलने के लिए कहा। उनके साथ कुछ हथोड़े व अन्य तोड़फोड़ करने वाले औजार थे। इस पर यहॉ रह रहे लोगों ने भी विरोध किया, सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। सिविल लाइन क्षेत्र के मीनाक्षी पुल के पास पंजाबी धर्मशाला में करीब 50 परिवार वर्षों से रहता आ रहा है, उनका कहना है कि उनके पूर्वज बंटवारे के बाद पाकिस्तान के लाहौर से आए थे। इसके बाद यहॉ के मुंबई निवासी भरत भूषण ने उन्हें रहने का स्थान दिया था। इसकी रशीदें भी हैं, उन्हें जबरन यहॉ से निकालने के लिए धमकाया जा रहा है, जो ऐसा कर रहे हैं, वे इसे अपनी प्रॉपर्टी बता रहे हैं, जबकि वह उस समय केयर टेकर थे। यहॉ का काफी निर्माण कार्य परिवारों ने कराया है, मंदिर भी बनवाया। तनाव का माहौल होने पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।



# मिशन शक्ति अभियान अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु ह्लशक्ति दीदीह्व के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों, कस्बों व मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड, बाजार, गॉव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को शासन व यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है।

महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ शुभारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस**




अलीगढ़। जीटी रोड स्थित संतसार पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया यह शिविर 24 मई तक चलेगा। प्रधानाचार्य एस के झा ने बताया शिविर में कक्षा एक से आठ तक के लगभग 250 छात्र छात्राओं ने शिविर में भाग लिया शिविर में होने वाली गतिविधियों में से योग मुख्य बिंदु रहा योग में अखंड योग उदय की टीम विष्णु और आकाश के द्वारा योग कार्यशाला और बच्चे कैसे मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहेंगे इसके बाद एडवेंचर स्पोर्ट्स में बच्चों ने बहुत एंजॉय किया।

एडवेंचर स्पोर्ट्स में बताया गया कि अगर आप कहीं विषम परिस्थितियों में कही फंस जाते है तो उन परिस्थितियों के आने पर कैसे निपटा जाता है इसके साथ कराटे, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, साइंस मॉडल, मैथ्स एक्टिविटी स्पोर्ट्स में क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, स्केटिंग आदि गतिविधियां में बच्चों से बहुत आनन्द उठाया प्रतिदिन नए एक्टिविटी कराई जाएंगी। समर कैंप का उद्घाटन प्रधानाचार्य एस के झा ने फीता कटकर किया विद्यालय के स्पोर्ट्स हेड मेघराज ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, रिड्यूस स्ट्रेस, सैल्फ कॉन्फिडेंस, सेल्फ डिफेंस, राइटिंग स्किल्स, रीडिंग स्किल्स आदि सिखाया जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय के स्पोर्ट्स हेड मेघराज सिंह, धर्मवीर सिंह, दीपक वार्ष्णेय, मोहन शर्मा, राहुल सिंह, बी एल गुप्ता, प्रियंका ठाकुर, करिश्मा गोयल, साजिया, अल्पी अग्रवाल, आकांक्षा सिंह, मिथलेश वार्ष्णेय, गुंजन पवार, सपना अग्रवाल, रुचि भार्गव, वैशाली शर्मा, चितवन रॉय, रुचि चौधरी, पूनम शर्मा, हाशमी राजपूत, अंजना वर्मा, गीता कालरा, नेहा सक्सेना मौजूद रहे।

# अलग-अलग थाना क्षेत्र से पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पालीमुकीमपुर पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त कपिल पुत्र सुभाष निवासी ग्राम गहतोली निर्मल थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़ को एक छुरा के साथ मऊपुर पीपली तिराहा के पास से गिरफ्तार किया।

तो वहीं थाना पालीमुकीमपुर पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त पप्पू पुत्र भुल्ली सिह निवासी रामपुर चंदियाना थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़ को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना अकराबाद पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त नन्दराम पुत्र तेजपाल निवासी चांदपुर थाना अकराबाद अलीगढ़ को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना इगलास पुलिस टीम ने एक शातिर चोर आकाश पुत्र कुक्कू निवासी अम्बेडकर नगर कस्वा व थाना इगलास जिला अलीगढ़ को चोरी के सामान ए0सी0 के गैस पाईप, एक प्लास व एक चाकू के साथ हीरो मोटर साईकिल एजेसी के पास खाली पडे स्थान से गिरफ्तार किया।

तो वहीं थाना मडराक पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त विनय पुत्र हरमोहन निवासी गैसा थाना इन्दरगढ जनपद कन्नौज को कस्बा मडराक के नोहटी तिराहा से गिरफ्तार किया।

## संपादकीय

# भारत के संसदीय प्रवक्ता

**मकसद** है कि आतंकवाद पर पाकिस्तान को बिल्कुल बेनकाब किया जाए। भारत बीते 35-37 सालों से पाकपरस्त आतंकवाद से पीड़ित है। हजारों मासूमों और बेगुनाहों की हत्याएं की जा चुकी हैं। कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन और विस्थापित होना आतंकवाद का सबसे अमानवीय उदाहरण है। मौजूदा परिदृश्य में भारत शेष विश्व को ब्रीफ करना चाहता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों करना पड़ा? पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों और उनके महलनुमा अड्डों पर भारत को विस्फोटक प्रहार क्यों करने पड़े? आतंकियों के ठिकानों को 'मिट्टी-मलबा' कैसे किया गया? भारत सरकार की आदर्श विदेश नीति क्या है? भारत आज भी युद्ध के पक्ष में नहीं है, लेकिन आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना उसका लक्ष्य है। इन सवालों और स्पष्टीकरण के साथ भारत के 40 सांसदों के 7 प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेजना तय किया गया है। यह भारत की कूटनीति का एक सफल प्रयास हो सकता है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत लंबी और बहुआयामी है। आतंकवाद से अमरीका, यूरोप, अरब देश, शेष विश्व भी छिला पड़ा है, जख्मी है, डरा हुआ है। जो संसदीय मंडल भेजे जा रहे हैं, वे आतंकवाद पर राष्ट्रीय नीति और भारत की एकता, अखंडता, विविधता के प्रतीक हैं। हमारे सांसद भारत की आवाज हैं, भारत के प्रवक्ता हैं। वे वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को नंगा करेंगे और सवाल भी करेंगे कि 'आतंकिस्तान' पाकिस्तान को बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का 'बेल आउट कर्ज' क्यों मिलता रहा है? विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक को भी सचेत हो जाना चाहिए। शायद अंतरराष्ट्रीय संस्थान को पाकिस्तान के यथार्थ की सम्यक जानकारी नहीं है या वैश्विक राजनीति आड़े आती है। अंततः पाकिस्तान कर्ज का पैसा आतंकियों के पुनर्वास और हथियारों पर खर्च करता रहा है। जिन आतंकियों को बिल्कुल मिट्टी में मिला दिया गया है, उनके लिए पाकिस्तान की हुकूमत ने 1 करोड़ रुपए प्रति आतंकी, उनके परिजनों को देने का ऐलान किया है। चूंकि जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर के खानदान में 14 मौतें हुई हैं, लिहाजा उसे 14 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस पैसे का इस्तेमाल क्या होगा? बहरहाल हमारे मकसद पर भी सवालिया निशान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल अमरीका भेजना सरकार ने तय किया है। कांग्रेस की इस पर सियासी आपत्ति है।

ऐसे संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजना भारत सरकार का विशेषाधिकार है। 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तब के नेता प्रतिपक्ष अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में दल संयुक्त राष्ट्र में भेजा था। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद 2008 में ऐसा ही प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था। वे भारत की चिंताओं और सरोकार के सवाल थे। राजनीतिक दलों की परिधियां गायब कर दी गई थीं। इस बार भी यही किया गया है। जनता दल-यू, द्रमुक, एनसीपी (पवार) और शिवसेना के सांसदों को भी दल के नेतृत्व सौंपे गए हैं। कांग्रेस के तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री सलमान खुर्शीद को इस बार भी प्रतिनिधि बनाया गया है, हालांकि वह सांसद नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनकी नफरतवादी सियासत को देश जानता है। थरूर करीब तीन दशकों तक संयुक्त राष्ट्र में कार्यरत रहे हैं। वह वहां अंडर जनरल सेक्रेटरी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में वह विदेश राज्यमंत्री भी रहे हैं। अमरीका के माहौल, भाषा और कूटनीति में वह मर्मज्ञ हैं। तो फिर कांग्रेस उन्हें प्रतिनिधिमंडल में भेजना क्यों नहीं चाहती? क्या इसलिए कि वह आलाकमान के चाटुकार सांसद नहीं हैं? क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी के कई निर्णयों के प्रशंसक भी रहे हैं? प्रधानमंत्री उनसे गर्मजोशी से मिलते हैं! क्या वह कभी भी राजनीतिक पाला बदल सकते हैं? थरूर इस समय विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। किसी अन्य दल ने प्रतिनिधि के नाम पर आपत्ति नहीं की है, तो कांग्रेस दाने क्यों बिखेर रही है? फिलहाल दायित्व राष्ट्रीय है। पाकिस्तान के पक्ष में नारे लगाने की सियासत का वक्त नहीं है। विदेश मंत्रालय प्रवास शुरू होने से पहले सभी सांसदों को कुछ ब्रीफिंग देगा। उसी के आधार पर सांसद विदेश में अपनी बात रखेंगे। यह बेहद संवेदनशीलता का वक्त है।

# नेताओं के बिगड़े बोल से आहत होती राष्ट्रीयता



ललित गर्ग

मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं। देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए।

सेना के शौर्य पर सम्मान की बजाय अपमान के बिगड़े बोल को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ जाना स्वाभाविक है। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर ब्योमिका सिंह के संबंध में क्रमशः मंत्री विजय शाह और सपा महासचिव राम गोपाल यादव द्वारा की गई टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद और कानूनी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बड़ा प्रश्न है कि क्या धर्म और जाति के नाम पर वोट के लिए सेना और सेना से जुड़ी बेटियों के सम्मान को चोट पहुंचाई जाना उचित है? चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वाणी का संयम अपेक्षित है। भारतीय राजनीति में बिगड़े बोल, असंयमित भाषा एवं कड़ावपन की मानसिकता चिन्ताजनक है। ऐसा लगता है ऊपर से नीचे तक सड़कछाप भाषा ने अपनी बड़ी जगह बना ली है। यह ऐसा समय है जब शब्द सहमे हुए हैं, क्योंकि उनके दुरूपयोग की घटनाएं लगातार जारी हैं।

जब देश पहलगाम की त्रासद घटना एवं उसके बाद पाकिस्तान से बदला लेने की शौर्य की महत्वपूर्ण घटना के मोड़ पर खड़ा है, तब कुछ नेताओं के बिगड़े बोल बहुत दुखद और निंदनीय हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं। देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए।

नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, अनुशासन एवं संयम हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। युद्ध जैसे माहौल में सेना एवं उसके नायकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनके साहस एवं पराक्रम पर छींटाकशी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश



निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं।

यह चिंताजनक है कि इधर के वर्षों में कुछ भी बयान दे देने की बुरी आदत बढ़ रही है। बिगड़े बोल वाले नेता बेलगाम हो रहे हैं। कोई दो राय नहीं कि पहले राजनीतिक दलों और उसके बाद सरकारों को इस मोर्चे पर अनुशासन एवं वाणी संयम का बांध बांधना चाहिए। विजय शाह करीब आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, मतलब, अनुभवी नेता हैं, तो क्या वह चर्चा में रहने के लिए बिगड़े बोल का सहारा लेते हैं? सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते, तो मामला इतना नहीं बढ़ता। विजय शाह का मामला थमा भी नहीं है कि मध्य प्रदेश के ही उप- मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी बिगड़े बोल को अंजाम दे दिया है। उनका मानना है कि देश की सेना प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक है। वास्तव में, ऐसी गलतबयानी से किसी के भी सम्मान में वृद्धि नहीं होती है। देश अभी-अभी एक संघर्ष से निकला है। यह एकजुटता और परस्पर समन्वय बढ़ाने के लिए संभलकर बोलने का समय है। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले बोल की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है, सेना का मनोबल प्रभावित हो रहा है, बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। राजनेताओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ बोलों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। यह आज के अनेक नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार एवं नशा है? संसद में गलती एक बार अटल बिहारी वाजपेयी से भी हुई थी, उन्होंने तत्काल सुधार करते हुए कहा था कि चमड़े की जुबान है, फिसल जाती है। बेशक, अच्छा नेता वही होता है, जो गलतियां नहीं करता और अगर गलती हो जाए, तो तत्काल सुधारता है।

जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उनके अच्छे-बुरे बोल व गलत-सही कारनामे इतिहास में दर्ज हो रहे हैं। ध्यान रखना होगा, पहले केवल शब्द वायरल होते हैं, पर अब शब्द के साथ वीडियो भी वायरल होता है। ध्यान रहे, समय के साथ मीडिया का बहुत विस्तार हुआ है और उसका एक बड़ा हिस्सा ऐसी ही गलतबयानी का भूखा है। उसे ऐसे ही बिगड़े बोल वाले कंटेंट की तलाश है। अतः कम से कम देश के जिम्मेदार दलों के नेताओं को कोई भी राष्ट्र-विरोधी अप्रिय या प्रतिकूल ध्वनि नहीं पैदा करनी चाहिए। अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। वोट के लिए धर्म, सम्प्रदाय, जाति, समाज किसी को भी नहीं छोड़ा जा रहा। पार्टी कोई सी भी हो, नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते लेकिन सेना नायकों पर टिप्पणियां बहुत ही घातक है।

नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर वाणी असंयम एवं बिगड़े बोल में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निर्देशों की भी इन्हें परवाह नहीं है। पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी 'भारत विरोधी शक्तियां' एकजुट होकर राष्ट्रीय एकता एवं लोकतांत्रित मूल्यों के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। उन्हें नेताओं के बिगड़े बोलों से ऊर्जा मिलती है। सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले नेताओं का भविष्य भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर देश एवं दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है। जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे।

"राजनीतिक सिस्टम" की रोग मुक्ति, स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र का आधार होगा। राष्ट्रीय चरित्र एवं राजनीतिक चरित्र निर्माण के लिए नेताओं एवं उनके दलों को आचार संहिता से बांधना ही होगा। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां 'हेट स्पीच' या बिगडे. बोल को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए 'हेट स्पीच' एवं बिगडे.बोल को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है?

## 20 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1969 हैम्बर्गर हिल की लड़ाई 20 मई, 1969 को समाप्त हुई, उत्तर वियतनामी बलों के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण वियतनामी के बीच लड़ाई हुई। उत्तर वियतनामी सेना पर सामरिक जीत हासिल करने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने दक्षिण वियतनाम से वापसी की घोषणा की।

1983 फ्रांसीसी वायरोलॉजिस्ट ल्यूक मॉन्टैग्नियर ने एचआईवी वायरस के अपने निष्कर्षों को 20 मई, 1983 को जर्नल साइंस में एड्स का कारण बनाकर प्रकाशित किया। मॉन्टैग्नियर की टीम ने पहले एचआईवी वायरस को अलग किया, लेकिन रॉबर्ट गैलो के नेतृत्व में एक अमेरिकी टीम को वायरस की खोज करने का श्रेय दिया जाता है, हालांकि यह बात कई वर्षों तक विवादों का विषय बना रहा कि पहले वायरस की खोज किसने की थी।

1983 फ्रांसीसी virologist Luc Montagnierpp की अगुवाई में शोधकर्ताओं की एक टीम ने एचआईवी की उनकी खोज को पुनः प्रकाशित किया, हालाँकि उन्हें अभी तक यह पता नहीं था कि यह एड्स है या नहीं।

1989 तियानमेन चौक पर छात्रों द्वारा शुरू किए गए आंदोलन का समर्थन करने के लिए चीनी सरकार ने 20 मई, 1989 को एक लाख लोगों के प्रदर्शन के बाद मार्शल लॉ घोषित किया। जल्द ही मार्शल लॉ का आदेश तियानमेन स्क्वायर नरसंहार या आमतौर पर जून चौथा नरसंहार के रूप में जाना जाता है, जिसमें असॉल्ट राइफल्स और टैंक के साथ सैनिकों ने निहत्थे नागरिकों को हताहत किया।

1990 रोमानियाई प्रथम पोस्ट-कम्युनिस्ट राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव 20 मई, 1990 को हुए थे। इयोन इलिससु ने 90% मतों से चुनाव जीता और रोमानिया के पहले निर्वाचित राष्ट्रपति बने।

1990 हबल स्पेस टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष से पहली तस्वीरें भेजी।

1993 रोड के लिए एक, अमेरिकी टेलीविज़निटकॉम चीयर्स के श्रृंखला समापन पर, 42.4 मिलियन अमेरिकी परिवारों को इसके हवाई प्रसारण पर देखा गया था।

1996 अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कोलोराडो में कानूनों को तोड़ दिया, जो राज्य में किसी भी क्षेत्राधिकार को किसी भी सरकारी कार्रवाई करने से रोकता है ताकि समलैंगिक नागरिकों को उनके यौन अभिविन्यास के आधार पर भेदभाव से बचाया जा सके।

1996 अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कोलोराडो में कानूनों को ध्वस्त कर दिया जिससे राज्य में किसी भी क्षेत्राधिकार को किसी भी सरकारी कार्रवाई करने से रोका जा सके ताकि समलैंगिक नागरिकों को उनके यौन अभिविन्यास के आधार पर भेदभाव से बचाया जा सके।

2002 दक्षिण पूर्व एशियाई देश पूर्वी तिमोर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 20 मई, 2002 को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी गई थी। 28 नवंबर 1975 को पुर्तगाल उपनिवेश से स्वतंत्रता की घोषणा के बाद पूर्वी तिमोर पर इंडोनेशिया के कब्जे से दो दशकों से अधिक समय तक आक्रमण किया गया था।

2002 ईस्ट तिमोर ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता प्राप्त की, जो 21 वीं शताब्दी का नया संप्रभु राज्य बन गया।

2002 पुर्तगाल ने पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।

2003 पाकिस्तान ने उग्रवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिद्दीन पर प्रतिबंध लगाया।

2006 ढाका वाइल्डकैट हमले 20 मई, 2006 को हुए और बांग्लादेश की राजधानी में और इसके आसपास 18 दिनों तक चले। 4000 कपड़ा कारखानों के 1.8 मिलियन से अधिक श्रमिकों ने प्रदर्शन किया और बड़े पैमाने पर हमलों की एक श्रृंखला में लगे हुए थे।

2012 उत्तरी इटली में दो बड़े भूकंपों में से पहला, सात मौतें हुईं।

2012 इटली में आए भूकंप में 27 लोगों की मौत हो गई।

## समसामयिक

# मुस्लिम जगत का चौधरी बनने को बेकरार एर्दोगन!



ऋषभदेव शर्मा

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में छब्बीस पर्यटकों की जान लेने वाले 22 अप्रैल, 2025 के कायरतापूर्ण आतंकी हमले ने भारत-पाकिस्तान तनाव को तो नई ऊँचाई दी ही, और भी कइयों के चेहरों को बेनकाब कर दिया। यह अब इतिहास का हिस्सा है कि इस जघन्य अपराध के जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 6-7 मई को पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर 90 से अधिक आतंकियों को मार गिराया। अनेक देशों ने भारत की इस कार्रवाई का समर्थन किया। लेकिन इस घटनाक्रम में तुर्किए के पक्षपातपूर्ण रुख ने भारत-तुर्किए संबंधों को तनावपूर्ण मोड़ पर ला खड़ा किया।

जगज़ाहिर है कि तुर्किए ने इस दौरान पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को 'प्रिय भाई' कहकर ट्वीट किया कि तुर्की और पाकिस्तान का भाईचारा अनूठा है; और कि वे हर वक़्त पाकिस्तान के साथ हैं। भारतीय सेना ने दावा किया कि तुर्किए ने पाकिस्तान को 350 से अधिक ड्रोन, मिसाइलें और सैन्य सामान दिए, जिनका उपयोग भारत के खिलाफ हुआ। ड्रोन मलबे की जाँच ने इस संलिप्तता की पुख्ता पुष्टि कर दी। तुर्किए के इस रुख से भारत का हैरान होना लाज़मी था। भारत ने सोचा था कि विश्वमारी कोरोना और 2023 के भूकंप के दौरान की गई मदद का तुर्किए कुछ तो लिहाज रखेगा। पर नहीं साहब, सियासत बड़ी क्रूर होती है!

सयाने बता रहे हैं कि एर्दोगन की यह नीति मुस्लिम जगत का चौधरी बनने की उनकी महत्वाकांक्षा से भी प्रेरित है। वे कश्मीर जैसे मुद्दों को उठाकर और पाकिस्तान जैसे देशों का समर्थन करके इस्लामी दुनिया में अपनी छवि को मजबूत करना चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर कश्मीर पर आक्रामक रुख और इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) में प्रभाव बढ़ाने की कोशिशें उनकी इस महत्वाकांक्षा को दर्शाती हैं। उन्हें इस बात की भी परवाह नहीं कि यह रणनीति भारत जैसी उभरती विश्व शक्ति के साथ टकराव को जन्म दे रही है, जो तुर्किए के लिए दीर्घकालिक नुकसानदेह साबित होगा।जैसा कि होना ही था, भारत ने तुर्किए के इस रवैये को गंभीरता से लिया है। तुर्किए के उत्पादों और पर्यटन के बहिष्कार का कदम एकदम सही है। भारतीय फल विक्रेताओं ने तुर्की के सेबों का आयात बंद किया, ट्रैवल कंपनियों ने तुर्की की बुकिंग रद्द कीं और जम्मू के व्यापारियों ने तुर्की मार्बल का बहिष्कार शुरू किया। सोशल मीडिया पर हैशटैग तुर्कीबायकॉट ट्रैंड करने लगा। अनुमान है कि इस बहिष्कार से तुर्किए को 3,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। कूटनीतिक स्तर पर भारत ने तुर्किए की निंदा करते हुए कहा कि उसका रुख दक्षिण एशिया की स्थिरता के लिए खतरा है।

दरअसल, भारत-तुर्किए संबंधों का इतिहास उतार-चढ़ाव भरा रहा है। सांस्कृतिक और व्यापारिक रिश्ते पुराने हैं, लेकिन कश्मीर और साइप्रस जैसे मुद्दों पर दोनों का रुख अलग-अलग रहा है। 1974 में साइप्रस पर तुर्की के हमले के बाद भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कड़े कदम उठाए थे। कहना न होगा कि वर्तमान संकट ने इस कड़वाहट को और गहरा किया है।फिर भी, इन संबंधों को पूरी तरह खत्म करना जल्दबाजी होगा। तुर्किए की अर्थव्यवस्था पर्यटन और निर्यात पर निर्भर है, और भारत उसका बड़ा बाजार है। भारत द्वारा बहिष्कार तुर्किए के लिए आर्थिक संकट ला सकता है। वहीं, भारत को तुर्किए के नाटो सदस्य होने और मध्य एशिया में उसकी भू-राजनीतिक अहमियत को भी ध्यान में रखना होगा। ऐसे में, भारत को कूटनीति और आर्थिक दबाव का संतुलित उपयोग करना चाहिए। साथ ही, अपनी रक्षा और खुफिया क्षमताओं को और मजबूत करना होगा। यह समय भारत की अपनी एकजुटता और संकल्प को दुनिया के सामने दिखाने का है।

# श्रेष्ठ सफलता के लिए चिंता नही चिंतन की आवश्यकता


निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक है। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं।



संजीव ठाकुर

वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी

सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक



हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए।इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है।ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है।

भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

# कानपुर के चर्चित बसपा नेता पिंटू सेंगर मर्डर केस के आरोपी दीनू उपाध्याय उर्फ धीरज को 7 घंटे की रिमांड पर लेकर जाजमऊ पुलिस रैना मार्केट पहुंची

नेशनल एक्सप्रेस,डी के सिंह

कानपुर नगर के चर्चित बसपा नेता पिंटू सेंगर मर्डर केस के आरोपी दीनू उपाध्याय उर्फ धीरज को 7 घंटे की रिमांड पर लेकर जाजमऊ पुलिस रैना मार्केट पहुंची। इस दौरान रैना मार्केट छावनी बना रहा। करीब 45 मिनट तक दीनू के दफ्तर में पुलिस ने जांच पड़ताल की। इसके बाद दीनू को नवाबगंज थाने लेकर गई। पुलिस दीनू को उसके घर भी ले जाने की तैयारी कर सकती है।

पिंटू मर्डर केस से जुड़ी परतों का खुलासा करने के लिए जाजमऊ पुलिस दीनू उपाध्याय को जेल से सोमवार सुबह 9 बजे रिमांड पर लिया। रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने दीनू से पूछताछ शुरू की। इसके बाद उसे कड़ी सुरक्षा में लेकर रैना मार्केट स्थित उसके ऑफिस आनंदेश्वर एसोसिएट लेकर पहुंची। करीब 45 मिनट तक दीनू की मौजूदगी में पुलिस ने उसके दफ्तर में जांच-पड़ताल की। दीनू के दफ्तर से पुलिस को कई दस्तावेज मिले हैं। इसके बाद दीनू को नवाबगंज थाने लेकर पुलिस की टीम गई है। दीनू को कड़ी सुरक्षा के बीच रिमांड पर लेने के बाद अलग-अलग ठिकानों पर ले जाकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

दीनू का मोबाइल बरामद करने के साथ ही पिंटू मर्डर केस से जुड़े साक्ष्यों को बरामद करने के लिए रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस इस जघन्य हत्याकांड के पीछे की वजह और इसमें कौन-कौन और क्यों शामिल थे। इन सभी सवालों से जुड़े जवाब तलाश रही है। पुलिस ने दीनू से पूछताछ के लिए सौ से ज्यादा सवालों की लिस्ट तैयार की है। आईपीएस से लेकर एसीपी और इंस्पेक्टर लेवल के अफसर दीनू से पूछताछ करेंगे।

दीनू को रिमांड पर लेने के बाद बार एसोसिएशन के महामंत्री अमित सिंह भी वकीलों की टीम के साथ रैना मार्केट में मौजूद रहे। आनंदेश्वर एसोसिएट के दफ्तर में जब तक पुलिस की जांच-पड़ताल चलती रही अमित सिंह भी वहां मौजूद रहे। दीनू को पुलिस की टीम लेकर वहां से नवाबगंज के लिए रवाना हुई तो महामंत्री भी वहां से नवाबगंज थाने के लिए निकले।

इस दौरान रैना मार्केट छावनी बना रहा



अभियोजन पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि दीनू हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता है। विवेचक द्वारा की गई जांच में अब तक पता चला है कि दीनू की मृतक पिंटू सेंगर व घटना के सह आरोपी महफूज अख्तर से बात होती थी। पुलिस दीनू की सीडीआर निकाल चुकी है, लेकिन मोबाइल अब तक बरामद नहीं कर सकी है। अभियोजन ने कहा कि घटना के समय आरोपी मृतक पिंटू सेंगर व महफूज के संपर्क में था। इसलिए पूरी संभावना है कि मोबाइल में आडियो, वीडियो या अन्य दस्तावेज मिल सकते हैं। अभियोजन ने दलील दी पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की, जिसमें पाया गया कि घटना के दिन दीनू की मृतक पिंटू सेंगर से दो बार बात हुई थी और घटना के पूर्व लगभग तीन माह के दौरान आरोपी महफूज अख्तर की पांच बार बात हुई थी, जिसका जिक्र केस डायरी में किया गया है।

जाजमऊ में 30 जून 2020 को जमीनी रंजिश में बसपा नेता पिंटू सेंगर की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी थी। पिंटू के भाई धर्मेंद्र सेंगर ने पप्पू स्मार्ट, सउद अख्तर, महफूज अख्तर, मनोज गुप्ता, कथित अधिवक्ता दीनू उपाध्याय और अरिदमन सिंह के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना में वीरेंद्र पाल, श्याम सुशील मिश्रा, शूटर राशिद कालिया, अहसान कुरैशी, सलमान बेग, फैजल कुरैशी, साफेज हैदर और असलम कुलरेज, मकबूल उर्फ बबलू सुल्तानपुरी, तनवीर बादशाह और मोहमम्द आयाज उर्फ टायसन के नाम सामने आए थे। राशिद का इनकाउंटर कर दिया गया था।

तत्कालीन इंस्पेक्टर सभाजीत मिश्रा ने सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की थी, लेकिन नामजद होने के बावजूद दीनू उपाध्याय उर्फ धीरज और अरिदमन सिंह का नाम साठगांठ करके बाहर निकाल दिया था। इसके चलते सभाजीत को सस्पेंड भी किया गया है। केस की पैरवी कर रहे पिंटू सेंगर के भाई धर्मेन्द्र सिंह और अधिवक्ता संदीप शुक्ला ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर मर्डर केस में आरोपियों के नाम बाहर निकाले जाने की जानकारी और साक्ष्य दिए थे। पुलिस कमिश्नर ने मर्डर केस को लेकर जांच बैठाई तो कई अहम साक्ष्य मिले और मर्डर केस में दीनू उपाध्याय और अरिदमन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में भेज दी गई। इसके साथ ही 10 मई को दीनू उपाध्याय को अरेस्ट करके जेल भेज दिया गया। अब अधिवक्ता अरिदमन सिंह पर अरेस्टिंग की तलवार लटक रही है।

# कार्डधारक को खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो, शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी से कर सकते हैं

नेशनल एक्सप्रेस, उत्कर्ष सिंह

जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद कानपुर नगर के समस्त ग्रामीण/नगरीय क्षेत्र के अन्त्योदय अन्न योजना एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि खाद्यायुक्त महोदय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार माह मई, 2025 में दिनांक 09 मई, 2025 से 25 मई, 2025 के मध्य उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त के क्रम में आयुक्त महोदय खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन लखनऊ द्वारा वितरण की अवधि कम करते हुए, उपरोक्त पत्र में उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार द्वारा माह अगस्त, 2025 तक के खाद्यान्न का अग्रिम उठान करते हुए, वितरण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार के निर्देश के क्रम में आगामी 03 माहों के खाद्यान्न का उठान कर अतिशीघ्र लाभार्थियों के मध्य वितरित कराए जाने के दृष्टिगत वितरण साइकिल की अवधि को सीमित किया जाना आवश्यक होगा।

अतः वितरण माह मई, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 09 मई, 2025 से 20 मई, 2025 के मध्य कराते हुए, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी लाभार्थी अनुमन्य वस्तुओं की प्राप्ति से वंचित न रहे। आवश्यक वस्तुओं के वितरण के सम्बन्ध में शेष निर्देशों का अनुपालन कराते हुए, वितरण कार्य सुनिश्चित कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि यदि किसी कार्डधारक को निर्धारित मानक के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो, इस सम्बन्ध में शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से व सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से कर सकते हैं।

# प्रेम के चक्कर में की बेटे की हत्या, पुलिस के सामने कबूला सारा सच

नेशनल एक्सप्रेश ब्यूरो



कानपुर शहर के नर्वल थाना क्षेत्र में एक मां ने अपने बच्चे के गले में पड़े तावीज से ही उसका गला घोट दिया। इससे भी उसका दिल नहीं भरा तो उसने मासूम को दांतों से कई जगह काटा।

परिजनों ने काटा थाने में जमकर हंगामा ,समझाती रही पुलिस उसके बाद उसकी बॉडी को चादर में लपेट कर छत पर सो रहे उसके बाबा के बगल में रख आई और नीचे आकर किचन के काम में जुट गई। जब काफी देर बच्चे ने कोई हरकत नहीं की तो बाबा ने चादर हटा कर देखा तो दंग रह गया वहीं परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी मौक़े पर पहुँची पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।वहीं आरोपी मां ने बच्चे के गले में पड़े तावीज से उसका गला घोट दिया और उसके शरीर पर दांत से कई जगह काटकर ज़ख़्म कर दिया। पुलिस ने परिवार से पूछताछ की तो मृतक बच्चे की मां के प्रेम प्रसंग का पता चला। मां से जब कड़ाई से पूछा गया तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपी मां एक महीने पहले अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर फरार हो गई थी। पति ने प्रेमी के घर वालों पर दबाव बनाया तो वह दोबारा अपने ससुराल लौट आई, लेकिन अपने प्रेमी से संबंध नहीं तोड़े।

ससुराल लौटने पर पति सुशील ने मनीषा को जमकर फटकार लगाई, जिस पर मनीषा ने सोच लिया कि उसका बच्चा उसके प्रेम में बाधा है और उसने बच्चे को रास्ते से हटा दिया। वहीं, आरोपी मां का कहना है कि पति की प्रताड़ना से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। इस मामले में एडीसीपी का कहना है कि बच्चे की हत्या पर आरोपी माँ को गिरफ़्तार कर लिया हैं पिता की शिकायत पर आरोपी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे जेल भेज दिया गया हैं साथ ही घटना के और भी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं

देहदान महायज्ञ में 299वीं आहुति

शिक्षा विभाग के अधिकारी की देह भी बिखेरेगी शिक्षा का प्रकाश

# स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज औरैया को मिला पहला शरीर, सेंगर दंपति ने पूरा किया अपना वादा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**औरैया** , इक्कीस साल पहले कानपुर से युग दधीचि देहदान अभियान प्रारंभ कर पूरे प्रदेश में इसका विस्तार करने वाले मनोज सेंगर एवम माधवी सेंगर ने आज राजकीय मेडिकल कॉलेज औरैया को अध्ययन हेतु पहली देह कानपुर से लाकर समर्पित करते हुए अपने उस वादे को पूरा किया जो उन्होंने विगत 25 अप्रैल को आयोजित देहदान जागरूकता सेमिनार में प्राचार्या महोदय से किया था,आज कानपुर से देह लेकर आए सेंगर दंपति ने बताया कि आरोहम हैप्पीनेस होम, लवकुश नगर बिठूर कानपुर निवासी 89 वर्षीय सेवा निवृत्त शिक्षा विभाग के अधिकारी विजयपाल जैन ने जनवरी 2018 में देहदान संकल्प किया था,

आज 19 मई प्रातः 5 बजे हृदयरोग संस्थान कानपुर में उनका निधन होने पर उनकी पुत्री डॉ अनुपम जैन ने मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान संकल्प पूरा कराने का आग्रह किया, इस पर अभियान की महासचिव माधवी सेंगर ने देह को औरैया मेडिकल कॉलेज को देने का निश्चय किया, अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने सुबह ही कानपुर में उनका नेत्रदान कराया तत्पश्चात देहदान के आवश्यक पत्रक तैयार किए और दोपहर एक बजे कानपुर से चल कर शाम चार बजे सेंगर दंपति औरैया मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां एनाटॉमी हेड डा मेधा दास ने अपने सहयोगी डा राकेश तिवारी एवम छात्रों की उपस्थिति में पार्थिव देह को सम्मान सहित स्वीकार किया,

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एम वी सिंह देहदानी परिवार एवं सेंगर दंपति का बहुत बहुत आभार जताया, देहदान अभियान के अंतर्गत यह 299वीं देह दान कराई गई है महासचिव माधवी सेंगर ने बताया कि यह 299वीं देह दान कराई है,अबतक पूरे प्रदेश में 4000 से अधिक लोगों ने देहदान संकल्प किया हुआ है,कानपुर से चलते समय दिवंगत विजयपाल जैन जी का पुत्र ललितांग जैन, पुत्रियां डॉ अनुपम जैन, रूपम सिंघल एवं डॉ पूनम जैन सहित गणेशशंकर तिवारी, डॉ उमेश पालीवाल, मुकेश पालीवाल, डॉ के एस दुबे, सुनील पालीवाल सहित परिजनों द्वारा पार्थिव देह की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत देहदानी को अंतिम विदाई देते हुए औरैया के लिए रवाना किया,

जीवन भर शिक्षा का प्रकाश बांट कर में देश की सेवा करने के बाद अपनी पार्थिव देह को भी समाज हित दान कर देने वाले स्व० विजयपाल जैन की समाज के हर वर्ग में चर्चा होती रही, पुत्री अनुपम ने बताया कि बहुत सालों से वे सब गायत्री परिवार से जुड़े हैं और पिताजी धार्मिक आयोजनों में उत्साह से भाग लेते थे, आज सात साल बाद उनके देहदान संकल्प को पूरा करते हुए संतोष का अनुभव हो रहा है इसके लिए उन्होंने युग दधीचि देहदान अभियान का हृदय से आभार व्यक्त किया,

# कानपुर के फजलगंज के एक होटल में युवती का अर्धनग्न हालत में शव मिला, युवती एक लड़के साथ रुकी थी; लड़का देररात साढ़े 3 बजे होटल से निकल गया था

नेशनल एक्सप्रेस, उत्कर्ष सिंह








**कानपुर** के फजलगंज के एक होटल में युवती का अर्धनग्न हालत में शव मिला। युवती एक लड़के साथ रुकी थी लेकिन लड़का देररात साढ़े 3 बजे होटल से निकल गया था। दोपहर तक जब होटल का कमरा चेकआउट नहीं किया गया तो रूम के पास कर्मचारी पहुंचे। खटखटाने और कॉल करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो स्टॉफ ने सूचना देकर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने कमरा खोला तो अंदर बेड पर युवती की लाश पड़ी थी। जांच में पता चला है कि युवती कमरे में किसी लड़के के साथ आई थी। पुलिस उस लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया है।

फजलगंज थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया विजय नगर कालोनी की रहने वाली प्रगति सिंह (24) का शव मिला है। रविवार रात को ओमपुरवा चकेरी के रहने वाले उत्कर्ष जायसवाल (29) के साथ 8:15 बजे रात को कमरे में चेक इन किया था। देर रात 3:15 बजे उत्कर्ष कमरे से निकल गया। सुबह चेकआउट का टाइम होने के बाद भी प्रगति बाहर नहीं आई। इसके बाद होटल के कर्मचारी कमरे में गए। बेल बजाने और कॉल करने के बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिला। कमरा किसी दीपक नाम के युवक ने ऑनलाइन बुक कराया था। उसको कॉल की गई तो फोन बंद जा रहा था। इसके बाद होटल मैनेजर ने फजलगंज थाने पर मामले की जानकारी दी।

थोड़ी ही देर में पुलिस होटल में पहुंची। स्टाफ ने उसे पूरी घटना के बारे में बताया। पुलिस ने फौरन स्टाफ से दूसरी चाबी मंगाकर कमरा खुलवाया। जैसे ही दरवाजा खुला अंदर का सीन देकर सभी दंग रह गए। प्रगति की लाश बेड पर पड़ी थी। उसके आधे शरीर पर ही कपड़े थे। शरीर पूरी तरह से ठंडा पड़ चुका था। इसके बाद फोरेंसिक टीम भी जांच करने पहुंची। छानबीन के बाद प्रगति के पिता शशिभूषण और भाई को उसकी मौत की सूचना दी गई। थोड़ी ही देर में दोनों होटल पहुंचे। शव की पहचान की। उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। होटल में स्पा सेंटर भी चलता था, मालिक को पूछताछ के लिए बुलाया

फजलगंज थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि समय शताब्दी ट्रैवेल्स के मालिक लालू गंगवानी का होटल है। उन्होंने इसे गुमटी निवासी करन सरदार को लीज पर दिया हुआ है। इस बिल्डिंग में होटल के साथ ही करन थर्ड फ्लोर पर स्पा सेंटर भी संचालित करता है। इस वजह से करन और होटल मालिक को पूछताछ के लिए थाने पर बुलाया गया है।

जो कपल होटल में आए थे, उन्होंने कमरा नहीं बुक कराया था। होटल किसी तीसरे व्यक्ति ने बुक कराया था। ये दोनों अपनी आईडी देकर कमरे में रुके थे। कमरा बुक कराने वाला व्यक्ति कौन है? कानपुर में ही रहने वाले लड़के और लड़की को कमरा देते समय पूछताछ क्यों नहीं की गई? पहले कुछ घंटे के लिए कपल को होटल दिया गया था, बाद में रात भर के लिए लिया गया। इस तरह के तमाम सारे तथ्य हैं। होटल मालिक से कई बिंदुओं पर पूछताछ के बाद स्थिति साफ हो सकेगी। जो कपल होटल में आए थे, उन्होंने कमरा नहीं बुक कराया था। होटल किसी तीसरे व्यक्ति ने बुक कराया था। ये दोनों अपनी आईडी देकर कमरे में रुके थे। कमरा बुक कराने वाला व्यक्ति कौन है? कानपुर में ही रहने वाले लड़के और लड़की को कमरा देते समय पूछताछ क्यों नहीं की गई? पहले कुछ घंटे के लिए कपल को होटल दिया गया था, बाद में रात भर के लिए लिया गया। इस तरह के तमाम सारे तथ्य हैं। होटल मालिक से कई बिंदुओं पर पूछताछ के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

होटल मैनेजर योगेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि रविवार को 8:40 बजे कपल होटल में आए थे। दोनों ने कहा था कि दो से तीन घंटे के लिए होटल में स्टे करना है। इसके बाद चेकआउट कर देंगे। इसके बाद कपल ने कहा कि चेकआउट नहीं करेंगे अब सुबह जाएंगे। लड़का भोर में 3:15 बजे निकल गया था। चेक आउट कराने के लिए स्टाफ गया तब पता चला कि कमरे से कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा है। कमरा बुक कराने वाले को कॉल किया। कमरे की बेल बजाने पर भी कोई रिस्पांस नहीं मिला तो पुलिस को बुलाया। पुलिस के सामने दूसरी चाबी से दरवाजा खोला गया तो युवती का शव बेड पर पड़ा मिला।

बेटी के मौत की सूचना मिलते ही विजय नगर निवासी बिजली मैकेनिक पिता शशिभूषण होटल और फिर थाने पहुंचे। थाने पर पिता ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह एक रेस्टोरेंट में नौकरी करती थी। इस वजह से अक्सर लेट नाइट घर आती थी। परिवार के लोग इस वजह से रात में देरी होने पर भी ज्यादा पूछताछ नहीं करते थे। पिता ने हाथ जोड़ते हुए कहा कि मुझे कोई कार्रवाई नहीं करनी है। मुझे किसी के ऊपर कोई संदेह नहीं है। इस मामले में फजलगंज थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में नशे के ओवरडोज से मौत का मामला लग रहा है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अर्शी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**कानपुर**, चमनगंज स्थित अर्शी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मदर्स डे उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं की माताओं एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नजमा जाफ़री, संस्थापक, अर्शी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस एवम विशेष अतिथि के रूप में एडवोकेट नूरीन जाफ़री हाई कोर्ट उपस्थित रहीं वही उन्होंने ने छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए माँ के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि माँ ईश्वर का साक्षात रूप होती है और माँ का कर्ज़ कोई नहीं चुका सकता।

माँ वह शक्ति है जो संतान को जीवन देती है पालन-पोषण करती है और हर परिस्थिति में मार्गदर्शन करती है। माँ की ममता, त्याग और प्रेम संपूर्ण सृष्टि की सबसे अनमोल निधि है। वही कार्यक्रम में जानकारी के मुताबिक दो सौ बच्चो ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जिनमें माताओं और बच्चों ने सहभागिता की। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं नाट्य रूपांतरण ने सभी का मन मोह लिया, विशेष रूप से माँ-बेटी की जोड़ी द्वारा प्रस्तुत भावनात्मक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहीं।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान किया गया इस अवसर पर स्कूल के स्टाप सहित अभिभावक व क्षेत्रीयगण मौजूद हुए वही विद्यालय परिवार ने सभी का आभार प्रकट करते हुए सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करी।

# भाजपा नेता का आरोप उर्सला अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मां ने दम तोड़ा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**कानपुर** उर्सला के डॉक्टरों पर भाजपा नेता ने बड़ा आरोप लगाया है। बताया कि मां की तबियत बिगड़ने पर उन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर पहले तो भर्ती नहीं कर रहे थे फिर भर्ती किया तो इलाज नहीं किया।

इसके चलते मां तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। वहीं, इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) डॉ. हरी दत्त नेमी ने जांच के आदेश दिए हैं।

**शनिवार को कराया था भर्ती**

लाटूश रोड निवासी भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री नीतीश सोनकर व व्यापारी प्रवेश सोनकर की मां माया देवी को कमजोरी के चलते शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे उर्सला अस्पताल लाया गया था।

आरोप है कि डेढ़ घंटे तक उन्हें व्हीलचेयर पर ही बैठाए रखा गया। इसके बाद भर्ती किया और ड्रिप चढ़ा दी। प्रवेश ने बताया कि सुबह भर्ती कराया और दोपहर साढ़े तीन बजे सीनियर डॉक्टर के आने पर मां का इलाज शुरू हुआ, लेकिन तब तक हालत काफी खराब हो चुकी थी। शाम साढ़े सात बजे मां ने दम तोड़ दिया।

**डॉक्टरों को बुलाते रहे मगर ध्यान नहीं दिया**

प्रवेश सोनकर का आरोप है कि दो-तीन बार डॉ. सर्वज्ञ भट्ट को बुलाया, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। नर्स प्रिया व इग्निश से भी हालत बिगड़ने और इलाज शुरू करने की गुहार लगाई लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ।

**सीएमओ ने कहा मामले की जांच की जाएगी**

सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी ने कहा कि उर्सला में महिला की मौत को लेकर किसी ने कोई शिकायत नहीं की है, लेकिन अगर कोई ऐसा मामले है तो इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी। मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ऑर्थोपेडिक और न्यूरो सर्जरी पर खास मेडिकल सेमिनार का आयोजन किया गया

नेशनल एक्सप्रेस, स्वप्निल तिवारी




कानपुर,होटल रॉयल क्लिफ में पारस हेल्थ कानपुर और इडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स ने मिलकर एक कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें शहर और आसपास के इलाकों के डॉक्टरों,फिजियोथेरेपिस्ट्स और हेल्पकेयर प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। इसे आयोजित करने का मकसद एक-दूसरे से सीखना, नई सर्जरी तकनीकों के बारे में जानना और मिलकर मरीजों को बेहतर इलाज देना था। इस कार्यक्रम में पारस हेल्प कानपुर के दो बड़े डॉक्टरों ने अपने-अपने फील्ड में लेटेस्ट सर्जरी तकनीकों पर प्रेजेंटेशन दिया। डॉ. गोपाल शुक्ला डायरेक्टर,न्यूरोसर्जरी ने कमर दर्द की सर्जरी से जुड़ी नई तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने एडवांस इन सर्जिकल मैनेजमेंट ऑफ लोअर बैक पेन A Comprehensive एप्रोच पर जानकारी भरा सेशन किया। इसके अलावा उन्होंने मिनिमल इनवेसिव सर्जरी, दर्द नियंत्रित करने के तरीके और सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी कैसे जल्दी हो, इस पर भी फोकस किया। डॉ. आदित्य जो पारस हेल्प में सीनियर ऑर्थोपेडिक कंसल्टेंट हैं,ने घुटने और कूल्हे की ₹मिनिमल इनवेसिव सर्जरीₐ (यानि बिना बड़ा चीरा लगाए होने वाली सर्जरी) पर एक बहुत ही दिलचस्प सेशन लिया। उन्होंने बताया कि आज की नई सर्जरी तकनीकें कैसे मरीजों की मूवमेंट (चलने-फिरने) को जल्दी बेहतर बनाती हैं, रिकवरी टाइम कम करती हैं और फिजियोपेरेपी से ज्यादा फायदा पहुंचा सकती हैं। डॉ. अमित मिश्रा ने कहा कि ऐसे प्लेटफॉर्म बहुत ज़रूरी हैं जहां अलग-अलग विशेषज्ञ एक साप सीख सकें। उन्होंने कहा, ₹यह सीएमई दिखाता है कि जब फिजियोथेरेपिस्ट और डॉक्टर मिलकर नई सर्जरी तकनीकों को समझते हैं,तो इलाज और रिहैबिलिटेशन के नतीजे और बेहतर होते हैं। इससे मरीजों को पूरी और बेहतर देखभाल मिलती है। संस्थाओं द्वारा भागीदारी पर बात करते हुए वेंकटेश्वरनु, फैसिलिटी डायरेक्टर ने कहा,पारस हेल्थ में हमारा लक्ष्य सिर्फ इलाज प्रदान करना ही नहीं होता है, बल्कि शिक्षा और तरक्की को भी बढ़ावा देना लक्ष्य होता है। आईएपी के साथ मिलकर काम करने से हमें सर्जरी और रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) के बीच की दूरी को कम करने में मदद मिलती है, जिससे पूरे समुदाय को फायदा होगा कार्यक्रम के अंत में सवाल-जवाब का सेशन हुआ, जहां सभी ने खुलकर सवाल पूछे और अपने विचार शेयर किए। पारस हेल्थ, कानपुर समय-समय पर IAP जैसे संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे ही मेडिकल सेमिनार और शैक्षिक इवेंट्स आयोजित करता है ताकि डॉक्टर्स और हेल्थ एक्सपर्ट्स को नई जानकारी मिलती रहे और मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सके। इन पहलों का मकसद है कि अलग-अलग विशेषज्ञताओं के बीच जानकारी और अनुभव साझा करने को बढ़ावा मिले,ताकि हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स आपस में बेहतर तरीके स जुड़ें और एक जागरूक व मजबूत मेडिकल कम्युनिटी तैयार हो सके। वही कानपुर टीम से डॉ. अमित मिश्रा (कन्वीनर), डॉ. स्टेनली ब्राउन (सेक्रेटरी) और डॉ. सुधीर द्विवेदी (कोषाध्यक्ष) ने भी इस इवेंट को सपोर्ट किया और सभी से खुले दिल से बातचीत करी।

# भोजपुर पुलिस ने किया पैदल मार्च

### लोगों को पम्पलैट बांटकर सड़क सुरक्षा के बताए नियम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना भोजपुर प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च कर आम-जनमानस की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना भोजपुर अंतर्गत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने और लोगों को नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ पैदल मार्च निकाला व टीम ने आम जनता से सीधा संवाद करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों हेतु जागरूक किया गया। थाना पुलिस ने आमजन की सुरक्षा को लेकर पैदल गश्त की। और विभिन्न प्रकार के अभियान के अंअंतर्गत लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का पूरा भरोसा दिलाया। मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना भोजपुर पुलिस द्वारा पम्पलैट वितरित कर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। भोजपुर के विभिन्न मोहल्ले,गली,बाजार,चौराहा,घास मंडी, बड़ी मंडी, स्टेशन रोड एवं अन्य जगहों पर थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक द्वारा लोगों को मिशन रोड सेफ्टी के नियमों की जानकारी देकर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अवश्य पहनें,सीट बेल्ट लगाए, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी ना बैठे आदि की अपील की।

> "हाइवे पर वाहन में तकनीकी खराबी से घबराएं नही, सावधानी बरतें। कभी भी अपने वाहन को अचानक ना रोके
> प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक

# महिलाओं को जागरूक कर दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 सोमवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

## बैंकों के आसपास चलाया चेकिंग अभियान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़छाड़ व मारपीट करने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

भोजपुर।पुलिस ने ग्राम गौहरपुर सुल्तानपुर निवासी युवती ने गांव के चार युवकों के खिलाफ छेड़छाड़,मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा लिखाया है।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में युवती ने कहा है कि शनिवार की सुबह को घर के बाहर कूड़ा डालने जा रही थी।रास्ते में वंश पुत्र नरेश ने दुपट्टा खींच कर जान से मारने की धमकी देकर गले पर चाकू रखकर छेड़छाड़ की।

युवक की हरकतों की शिकायत महिला हेल्पलाइन पर की तो आरोपी पुलिस के आने से पहले फरार हो गया।रविवार की सुबह को बहन अनीता के साथ घर पर रोटी बना रही थी। अचानक वंश अपने साथ नरेश, अशोक, राजेन्द्र पुत्र रामकरन को साथ लेकर घर में घुसकर मारपीट करने लगा।

बहन अनीता बीच-बचाव करने आई तो वंश ने तमंचे से उसके सिर में हमला कर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### अवैध चाकू के साथ आरोपी को पकड़ा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सोमवार को थाना नागफनी पुलिस द्वारा अभियुक्त अकरम मलिक पुत्र याकूब मलिक निवासी गला काटी मस्जिद के पास दौलतबाग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में थाना नागफनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**भगतपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सोमवार को थाना भगतपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त मोनिस पुत्र मौ0 हसन निवासी ग्राम मानपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व एक कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया ।

इस संबंध में थाना भगतपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद द्वारा सोमवार को जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

### वक़्फ़ संपत्ति पर अवैध निर्माण कार्य करने पर की शिकायत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के थाना गलशहीद इलाके में वक़्फ़ की संपत्ति पर दबंगई से निर्माण कार्य करने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले की शिकायतकर्ता ने मुरादाबाद जिलाधिकारी से भी की। गलशहीद इलाके के सीधी सराय में वक़्फ़ की संपत्ति पर बिना एमडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कार्य कराया गया है। देश की सबसे बड़ी अदालत माननीय सुप्रीम कोर्ट में वक़्फ़ संपत्ति यानी वक़्फ़ कानून को लेकर मामला विचाराधीन है, ऐसे में वक़्फ़ की खाली पड़ी जमीन पर निर्माण कार्य होने से कई सवाल संबंधित अधिकारियों पर खड़े हो रहे हैं,सूत्रों से ज्ञात हुआ है। इस निर्माण कार्य को एक अधिकारी द्वारा रुकवा दिया गया था। उसके बाद भी दबंगई से निर्माण कार्य किया गया

## परिवार परामर्श नारी उत्थान द्वारा विवादित दंपत्ति के पांच जोड़ो का कराया समझौता

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के पांच विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम पी सिंह, डॉ पूनम बंसल व नीलिमा सिंह के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में सोमवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान पांच प्रार्थना पत्र में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

### वीरांगना अहिल्याबाई की जंयती पर हुआ रंगोली कार्यक्रम आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**मुरादाबाद।** राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लाइनपार में सोमवार को वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के 300वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा आयोजित रंगोली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश सिसोदिया जी साथ रहे। अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर रंगोत्सव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में माता अहिल्याबाई के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम कन्या इंटर कॉलेज लाइन पार्क मुरादाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और मां अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके और दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

## थाना डिलारी पुलिस द्वारा 1,49,99,000 रुपये की पुरानी करेंसी के नोट के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

### प्रतिबंधित करेंसी के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**डिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सोमवार को व0उ0नि0 सुभाष चन्द्र यादव थाना डिलारी द्वारा मय हमराह पुलिस बल के अभियुक्तगण विक्की गौतम पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम जलीलपुर बक्काल थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा, मौ0 यासीन पुत्र फिरासत अली निवासी ग्राम अहमदनगर अहमदाबाद मदारी की मढ़ैया थाना टाण्डा जनपद रामपुर, मौ0 रियाज पुत्र रफीक अहमद निवासी ग्राम अहमदनगर अहमदाबाद मदारी की मढ़ैया थाना टाण्डा जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया। जबकि तीन आरोपी फरार हैं। अभियुक्तगण के कब्जे से 1,49,99,000 रुपये पुराने करेन्सी के नोट बरामद किये गये ।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना डिलारी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया गया सभी को जेल भेज दिया गया है

## बिना बिल के भारी मात्रा में राजधानी पान मसाला व तम्बाकू पकड़ा गया, चालक मौके से फरार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**गोंडा।** कानपुर से करनैलगंज लाया जा रहा भारी मात्रा में पान मसाला और तम्बाकू एक लोडिंग वाहन से बरामद किया गया। खाद्य विभाग को मिली गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई, जहां बिना बिल के पान मसाले की बड़ी खेप पकड़ी गई। ग्राम पिपरी के पास लखनऊ की ओर से आ रहे एक लोडिंग वाहन को रोककर जब विभागीय अधिकारियों ने माल की बिलिंग संबंधी जानकारी मांगी तो चालक ने बताया कि यह एमजे राजधानी' ब्रांड का गुटखा है, जो करनैलगंज के तीन स्थानों पर सप्लाई होना था। पूछताछ के दौरान चालक चकमा देकर फरार हो गया।

मौके पर मौजूद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कलेक्टर परिसर गोंडा, असिस्टेंट कमिश्नर राम नरेश, एफएसओ अजीत कुमार मिश्रा, विनोद वर्मा, मनीष मल्ल एवं मनोज दीक्षित ने तत्काल जीएसटी विभाग को सूचना दी।कुछ ही देर में जीएसटी की टीम भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जिसकी शिकायत शुभम गुप्ता ने डीएम गोंडा से की है।

खाद्य विभाग की टीम ने बरामद गुटखे को वाहन सहित सीज कर कोतवाली करनैलगंज में खड़ा कराया है। इस कार्रवाई के पीछे बाराबंकी निवासी शुभम गुप्ता का अहम योगदान रहा, जिन्होंने सूचना देकर विभाग को अलर्ट किया।

शुभम का कहना है कि यह पान मसाला मानकविहीन है और इसकी कई जिलों में हुई जांच में सैंपल फेल हो चुके हैं। साथ ही यह बिना बिल के अवैध रूप से कई सालों से बेचा जा रहा था।

# आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान कई को काटा



नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन

**मूंढापांडे।** आवारा कुत्तों के आंतक से लोग परेशान कई को काटा क्षेत्र के मूंढापांडे ब्लॉक परिसर में क्षेत्र के लोग ब्लॉक में अपने कार्य को कराने आते हैं। तो उसके आस-पास कुत्ते हमला कर देते हैं। जिससे दर्जनों लोगों के पैर,टांग में काट चुके हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों डर बना है। कोई भी संज्ञान में नही ले रहा है।

एक मामला सोमवार को ब्लॉक परिसर में एक बुजुर्ग अपने कार्य करने को आए तो गांव भुजपुर मांन के रहने वाले मुन्नालाल को ब्लॉक सभागार में एक कुत्ते ने टांग में काट लिया। ब्लॉक परिसर में आने वाले व्यक्तियों को पहले भी काट चुके हैं। अब तक की संख्या 27 लोगों को कुत्तों ने काट लिया है। लेकिन ब्लॉक के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी का बड़ा ऐलान

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए शुरू होगी 'मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना'

## सस्ती दर पर ऋण, आधुनिक गोदाम, और तकनीकी सशक्तिकरण से किसानों को मिलेगा लाभ; सहकारी संस्थाओं की भूमिका होगी केंद्रीय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के लघु एवं सीमांत किसानों की आय में वृद्धि और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना' शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के अंतर्गत किसानों को सस्ती दर पर सरल ऋण, आधुनिक भंडारण सुविधाएं, और तकनीकी सशक्तिकरण का लाभ मिलेगा।



मुख्यमंत्री ने सोमवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा को मंजूरी दी। उन्होंने इसे एक दूरदर्शी और किसान-हितैषी पहल करार देते हुए कहा कि यह योजना किसानों को कर्ज़ के बोझ से मुक्ति दिलाने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नाबार्ड और सहकारी बैंकों की योजना में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

ऋण वितरण क्षमता बढ़ाने और शाखाओं के आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। किसानों तक ऋण की आसान पहुँच को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध हो और विस्तृत परियोजना प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया।

### सहकारी क्षेत्र में सुधार की दिशा में कदम

मुख्यमंत्री ने सहकारी संस्थाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों की आय, पारदर्शिता, और दक्षता को सहकारिता क्षेत्र की प्राथमिकताओं में सम्मिलित किया जाए। साथ ही, सहकारी बैंकों में रिक्त बैंकिंग और गैर-बैंकिंग पदों की भर्ती प्रक्रिया को तेज करने के लिए आईबीपीएस के माध्यम से चयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इससे सहकारी संस्थाओं की कार्यकुशलता और सेवा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

### एम-पैक्स समितियों और तकनीकी सशक्तिकरण पर फोकस

बैठक में यह भी बताया गया कि एम-पैक्स समितियों को पीडीएस, जन औषधि, सीएससी, पीएम किसान सम्मान केंद्र, एमएसपी जैसी योजनाओं से जोड़ा गया है। कंप्यूटरीकरण के अंतर्गत अब तक 1,539 (प्रथम चरण), 1,523 (द्वितीय चरण) और 2,624 (तृतीय चरण) समितियाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ चुकी हैं। साइबर सुरक्षा के लिए यूपी कोऑपरेटिव बैंक और 50 जिला सहकारी बैंकों को नाबार्ड के सीबीएस क्लाउड मंच से जोड़ा गया है।

### तकनीक, ऋण और बाज़ार तक पहुँच

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर बनाकर, तकनीक, ऋण, और विपणन तक किसानों की पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से प्रदेश के किसानों को समृद्ध और सशक्त बनाना ही लक्ष्य है और इसके लिए नीतिगत सुधार सतत रूप से जारी रहेंगे।

# करनैलगंज में निकाली गई तिरंगा यात्रा, विधायक रहे मौजूद

**गोंडा।** हाथों में तिरंगा और भारतीय सेना के शौर्य का नारा पूरे क्षेत्र में गूंजा, पूरा नगर तिरंगा से रंगा नजर आया। भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए सोमवार को करनैलगंज नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर के बैनर तले करनैलगंज विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा स्टेशन रोड स्थित कन्हैया लाल इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुई। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और सेना की जयकारों से गूंजता नगर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। यात्रा का रूट सर्वामाई थान, गुरुद्वारा, गाड़ी बाजार, गुड़मंडी होते हुए चौकी घंटाघर स्थित आदि शक्ति माता भवानी मंदिर तक रहा। यहां राष्ट्र गान के साथ यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में स्कूली छात्र-छात्राओं सहित नगर के सैकड़ों लोग शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति गीतों पर कदम से कदम मिलाते हुए लोगों ने सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया।




यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यम, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी लाल मोदनवाल, शंकर प्रताप सिंह गुड्डू सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, आशीष गिरि, सूरज सिंह, मोहित पाण्डेय, देवेंद्र दीक्षित, वंश बहादुर, दिनेश सिंह, जोगेंद्र सिंह जानी, सोनू पुरवार, कन्हैया लाल वर्मा, यावर हुसैन मुन्ना, हितेश सिंह, दिनेश मिश्र, कालेज के प्रधानाध्यापक मेजर राजाराम सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 142 मरीजों का मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में किया गया उपचार

लालगंज(रायबरेली) ।क्षेत्र के चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर कुल 142 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं और परामर्श प्रदान किया गया ।नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेहटा कला में डॉ. एसके सिंह ने 42 मरीजों की जांच की और उनका उपचार किया ।वहीं,जगतपुर भिचकौरा स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. मुकेश और डॉ. प्रियंका ने 40 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं।

अंबारा पश्चिम पीएचसी में डॉ. जीके चौरसिया ने 38 मरीजों को देखा,जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरे भैरो मिश्र पर फार्मासिस्ट ने 22 मरीजों का इलाज किया ।सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य मेले का सफल आयोजन हुआ ।जिसमें कुल 142 मरीजों को लाभ मिला।

### करंट की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालक झुलसा

लालगंज(रायबरेली) ।कोतवाली क्षेत्र के दो सड़का के पास स्थित एक ईंट भट्ठे में रविवार को करंट की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालक झुलस गया।

हालत बिगड़ने पर उसे फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ।भट्ठा श्रमिक अमित का बेटा भोनू नहाने के लिए भट्ठे में लगे सबमर्सिबल पंप को स्टार्ट कर रहा था ।जैसे ही उसने स्टार्टर को छुआ,वह करंट की चपेट में आ गया और वहीं चिपक गया।

मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने तुरंत लकड़ी की सहायता से उसे अलग किया और गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया ।जहां उसका इलाज किया जा रहा है ।बालक के पिता ने बताया कि पंप में पहले से करंट उतर रहा था,जिसकी जानकारी नहीं थी।

### गल्ला व्यापारी पर रंजिशन हमला,तीन घायल

लालगंज(रायबरेली) ।कोतवाली क्षेत्र के गुमदापुर तिराहे के पास शनिवार की देर शाम को पुरानी रंजिश में चार लोगों ने तीन व्यक्तियों पर हमला बोल दिया ।मारपीट में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया ।वहीं पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है ।हसनापुर गांव निवासी राजकुमार पुत्र राम तीरथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी अनूप सोनी,अनुज सोनी के घर के सामने उसका खेत है ।आरोपी जबरन उसके खेत में कूड़ा करकट आदि डालकर परेशान करते हैं।

कई बार उलासना देने पर आरोपी उससे रंजिश रखते हैं ।शनिवार की शाम को वह गुमदापुर तिराहे के निकट गल्ला खरीदने के लिए आढ़त लगाए हुए था ।इस दौरान उसका भाई दीपक और उसका दोस्त गांव का ही रहमत अली दुकान में मौजूद था।

इसी बीच अनूप सोनी, अनुज सोनी,शिवेश सिंह,अमरेश सिंह ने लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से उन पर हमला बोल दिया,जिससे उसके अलावा भाई दीपक,रहमत अली को गंभीर चोटें आ गई ।तीनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।मारपीट में घायल रहमत अली की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।

इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध हत्या का प्रयास सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# अखिलेश यादव मांफी मांगे : दिनेश प्रताप सिंह

**रायबरेली।** हाल ही में समाजवादी पार्टी के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की माता जी के बारे में की गई टिप्पणी पर विवाद गहरा गया है ।भाजपा मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए नसीहत दी है।

गौरतलब है कि डीएनए को लेकर एक्स पर सपा के आधिकारिक हैंडल और प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आमने सामने हैं ।डीएनए को लेकर एक्स पर किए गए कमेंट पर राजनीति गरमाई है।

रायबरेली में राज्यमंत्री दिनेश सिंह ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि अखिलेश यादव को अपनी मां जैसी ही सबकी मां को समझना चाहिए।

बृजेश पाठक की माँ पर जो टिप्पणी की गई है वो निंदनीय है ।मां में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ढूंढना अशोभनीय है और इसके लिए अखिलेश यादव को मांफी मांगनी चाहिए। इतना ही नहीं राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान सिर्फ यादव के नहीं बल्कि सब के भगवान हैं ।अखिलेश यादव को भगवान सदबुद्धि दे।



- बोले दिनेश – अखिलेश यादव को अपनी मां जैसी ही सबकी मां को समझना चाहिए
- उप मुख्यमंत्री की माताजी पर की गई टिप्पणी निंदनीय : राज्यमंत्री

# पर्दाफाश ! शातिर बाइक चोर गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे

## आधा दर्जन बाइकों के साथ 6 अभियुक्त गिरफ्तार, गिरफ्तार शातिर चोरों को भेजा गया जेल

**रायबरेली।** रविवार को रायबरेली पुलिस ने बाइक चोरों का ऐसा गैंग पकड़ा है,जिसने मोटरसाइकिल मिस्त्री को अपने गैंग में जॉब दे रखी थी ।इस मिस्त्री का काम था कि यह गैंग को ऐसी बाइक चोरी करने का निर्देश देता था जिसके पार्ट्स मार्केट में मुश्किल से मिल रहे होते थे ।मिस्त्री के निर्देश पर चोरी की गई बाइक को डिसमेन्टल कर मिस्त्री उसके पार्ट्स को डिमांड किये गये ग्राहक को सप्लाई कर देता था ।यह गैंग पुलिस के हत्थे बड़े नाटकीय ढंग से चढ़ा है। दरअसल पिछले दिनों मिल एरिया थाने में बाइक चोरी के दो मुकदमें लिखे गये थे।



पुलिस इस मुकदमें की विवेचना कर रही थी तभी रंजीत यादव पुत्र सत्यनारायण निवासी बेहटा खुर्द थाना भदोखर और आशीष पुत्र राम सजीवन निवासी कोइरस बुजुर्ग थाना मिल एरिया नाम के दो बाइक चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गये ।मिल एरिया पुलिस ने अपने मुकदमों का तो अनावरण कर लिया था,लेकिन जिज्ञासा वश दोनों का इतिहास खंगाला तो इनके पूर्व के कई मुकदमें सामने आये ।अब पुलिस ने इनके साथ सख्ती की तो इन लोगों ने तीन अन्य थाना इलाकों से चोरी की गई चार बाइक बरामद कराते हुए गैंग के दूसरे सदस्यों स्वदेश पुत्र सूर्यपाल निवासी बेहटा खुर्द थाना भदोखर,संजय पुत्र सुखराज निवासी ग्राम कोइरस बुजुर्ग थाना मिल एरिया,शिवमोहन उर्फ झब्बू पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम लोधवारी थाना डीह व मयंक मौर्या पुत्र देवनारायण निवासी ग्राम लोधवारी थाना डीह को गिरफ्तार करा दिया ।आशीष और रंजीत गैंग के मुखिया हैं,जबकि इन लोगों ने अपने सहयोग के लिए बाइक मिस्त्री मयंक मौर्या को जॉब दे रखा है,जिसका काम बाइकों को डिसमेन्टल कर उसके पार्ट्स मार्केट में सप्लाई करना था ।पुलिस ने कुल आधा दर्जन लोगों को जेल भेजते हुए चोरी की 6 बाइक बरामद की है।


# छपिया रेलवे स्टेशन अमृत योजना के अंतर्गत विकसित किया गया

**गोंडा ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ गोरखपुर प्रखंड पर स्थित स्वामी नारायण छपिया रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के अन्तर्गत बारह करोड़ तेरह लाख रूपये की लागत से पुर्नविकसित किया गया है।

अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत स्वामी नारायण छपिया रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सरकुलेटिंग एरिया का विकास तथा स्थानीय कला व संस्कृति को शामिल करते हुये स्टेशन का सौन्दर्यीकरण, प्लेटफार्म सरफेस का उच्चीकरण, स्टेशन फसाड, स्टेशन परिसर में उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल घड़ियां, यात्री उद्घघोषणा प्रणाली, सोलर प्वाइंट , वाटर कूलर, एयरकंडीशनर, विभिन्न यात्री सुविधाओं से संबंधित ग्लोसाइन बोर्ड, एलइडी, स्टेशन नाम पट्टिका, यात्री प्रतिक्षालय व शौचालय के आधुनिकीकरण आदि कार्य कराया गया है। स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को भी बढ़ाया गया है। चीफ इंजीनियर हेडक्वार्टर राजीव कुमार ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।



इस मौके पर विदेश राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, एरिया मैनेजर गिरीश कुमार, एईएन विजयंत गर्ग, वाणिज्य निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह, स्टेशन निरीक्षक के एल यादव, आईओडब्ल्यू एस पी सिंह, विश्वामित्र यादव आरपीएफ चौकी प्रभारी बभनान आदि मौजूद रहे।



भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

# उपजिलाधिकारी के विरुद्ध धरना जारी, आयुक्त से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**गोंडा।** करनैलगंज तहसील में उप जिलाधिकारी के खिलाफ सोमवार को भी धरना प्रदर्शन चलता रहा। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए धरना दिया। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ला की अध्यक्षता में उपजिलाधिकारी करनैलगंज के निरंकुश व्यवहार, कार्यशैली एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध 16 मई से अधिवक्ताओं द्वारा लगातार धरना एवं नारेबाजी की जा रही है।

अधिवक्ताओं ने बताया कि मंगलवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल देवीपाटन मंडल के आयुक्त से भेंट करेगा। एसोसिएशन ने समस्त अधिवक्ताओं से अपील की है कि वे मंगलवार को सुबह 10 बजे धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन प्रदान करें तथा आगे की रणनीति पर चर्चा में भाग लें। धरना प्रतिदिन शाम 5 बजे तक चलता है, इसके उपरांत अधिवक्ताओं द्वारा पुनः उपस्थिति दर्ज कराते हुए जोरदार नारेबाजी की जाती है। अधिवक्ताओं ने संकल्प लिया है कि जब तक उपजिलाधिकारी का स्थानांतरण नहीं हो जाता, आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर पवन कुमार शुक्ला, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, केडी सिंह, प्रताप बली सिंह, वीके सिंह, गोपाल जी तिवारी सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।



# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा बैठक

## खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को जारी हुआ स्पष्टीकरण, कुछ को मिली कड़ी फटकार

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास कार्यक्रमों के योजनाओं के रैंकिंग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एनआरएलएम विभाग, जल निगम विभाग, फैमिली आईडी, पंचायत विभाग, विद्युत विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे एनआरएलएम विभाग, पंचायती राज विभाग, जलजीवन मिशन, पीडब्ल्यूडी विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्यों का शतप्रतिशत कार्य करते हुए फीडिंग कराकर रैंकिंग में सुधार लायें अन्यथा विभागीय कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों/ योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमियों पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, डीपीआरओ लालजी दूबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मौर्या, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सिंचाई विभाग सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सैनिक समाज सेवा संगठन ने किया सुमिती यादव का सम्मान



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/फिरोजाबाद । सैनिक समाज सेवा संगठन फिरोजाबाद के पदाधिकारियों, सदस्यों और वीर नारियों ने मिलकर किया सुमिती यादव पुत्री प्रहलाद सिंह यादव व श्रीमती सरोज देवी निवासी करनपुर नसीरपुर शिकोहाबाद का फूल माला पहना कर और संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी ने बेटी सुमिती यादव को मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया बेटी का यूपीएससी परीक्षा में 682 वां रैंक प्राप्त कर चयन हुआ इससे परिवार में बहुत ही खुशी है और क्षेत्र व ग्रामवासियों की नई पीढ़ियों को इसकी प्रेरणा मिलती है इस दौरान संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव ने आईएएस अधिकारी सुमिती यादव से कहा अपने कार्य क्षेत्र में हमेशा ईमानदारी और वफादारी से कार्य करें और निर्णय किसी दबाव में बिल्कुल न लें और नई युवा पीढ़ियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें 'सम्मान समारोह में कल्पना यादव, मण्डल संरक्षक दिनेश कुमार यादव, जिला संरक्षक रामब्रेस यादव, मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष विशेष कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दलबीर सिंह, प्रमुख महासचिव प्रयाग चन्द्र, कोषाध्यक्ष ध्रुव जीत सिंह, शिकोहाबाद तहसील अध्यक्ष के के शर्मा आदि के साथ अन्य पदाधिकारी व लोग उपस्थित रहे ।

### खेल कूद से ही होता है बच्चे का सर्वांगीण विकास



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सिरौलिया ब्लॉक टूंडला में समस्त बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की प्रधान अध्यापक जया शर्मा, राजीव चतुर्वेदी व सुनीता यादव ने सर्वप्रथम बच्चों के मध्य दौड़ व लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। बच्चों ने खेल कूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जया शर्मा ने सभी बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा जिस प्रकार हम सभी को ज़िंदा रहने के लिए भोजन, हवा व पानी की जरूरत होती है ठीक उसी प्रकार से बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल कूद बहुत जरूरी है खेल खेल में बच्चों को सिखाना एक मजेदार और प्रभावी तरीका है इससे बच्चों को नए कौशल सीखने में मदद मिलती है साथ ही उनकी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और समस्या समाधान क्षमता विकसित होती है। इसके पश्चात बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षाप्रद कहानी दिखाई गई और बच्चों से उस कहानी में अच्छे लगने वाले दृश्यों के बारे में पूछा साथ ही बच्चों को उस कहानी से क्या सीख मिली इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया और उनको चॉकलेट ,कुरकुरे फ्रूटी आदि वितरित की गईं।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। चेकिंग के दौरान थाना जसराना पुलिस ने एवं बाल अपचारी के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों पर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी का साथ देने का आरोप है। थाना जसराना के एक गांव निवासी किशोरी ने बड़ा गांव के गौरव पर कोचिंग ले जाने के बहाने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। आरोप था कि गौरव ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया तो मोहित, रितिक, बाल अपचारी एवं अन्य युवक निगरानी कर उसका साथ दे रहे थे। पीड़िता किसी तरह से घर पहुंची और परिजनों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया था। परिजन किशोरी को लेकर कोतवाली आए और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने आनन-फानन में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिशें देना आरंभ कर दिया। सोमवार को पुलिस ने एटा शिकोहाबाद के विलासपुर तिराहे से चेकिंग के दौरान बड़ा गांव निवासी मोहित एवं रितिक एवं एक बाल अपचारी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के निर्देश पर दोनों को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया दोनों युवकों को जेल भेजा गया है।

### यंग स्कॉलर्स के समरकैंप का शुभारंभ, बच्चों में दिखा उत्साह

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद । सोमवार को यंग स्कॉलर्स एकेडमी शिकोहाबाद में आयोजित समरकैंप का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक डॉ संजीव आहूजा, प्रबंध निदेशिका श्रीमती ईशा आहूजा द्वारा किया गया । इस दौरान कैंप में भाग लेने आए विद्यार्थियों का उत्साह देखा गया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ संजीव आहूजा तथा गजेन्द्र पाल सिंह ने बैडमिंटन खेल कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ संजीव आहूजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह की क्रियाएं होने से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आता है । अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने प्रबंधक वर्ग का आभार जताते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के आयोजनों में भाग लेना स्वास्थ्य के लिए हितकर है । इस समर कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न खेल आदि एक्टिविटीज कराई जाएंगी।

### काले तेल के मामले में आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद। इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में काले तेल के खेल में दर्ज मुकदमें में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को भूड़ा नहर पुल के पास से दबोच लिया । पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों का नाम दुर्जन सिंह पुत्र वीरपाल सिंह निवासी गिरिराज टाउनशिप थाना हाईवे जिला मथुरा मूल पता मिरजापुर बेसमा थाना इगलास जिला अलीगढ़, अतिन पुत्र प्रमोद कुमार, नितिन कुमार उर्फ सोनू पुत्र प्रमोद कुमार, स्वतन्त्र पाल पुत्र फूलन सिंह निवासीगण जलालपुर शिकोहाबाद, भगवान सिंह, नीरज पुत्र जगदीश निवासी मण्डी चौराहा महेन्द्र नगर थाना हाइवे मथुरा बताया। बताते चलें कि इंडस्ट्रियल एरिया में एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ फैक्ट्री पर छापा मारकर काले तेल के कारोबार का भंडाफोड़ किया था। उक्त मामले में पूर्ति निरीक्षक ने काले तेल के सरगना डेविड जैन सहित 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिनमें से पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। वही फैक्ट्री का मालिक डेविड जैन, जगदीश की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।



# जिला विकास समन्वय समिति की बैठक संपन्न

- सांसद अक्षय यादव ने जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा एवं अन्य दिशा में किए जा रहे , नवीन पहल की सराहना की
- हर प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय अवश्य बनाऐं जाएं
- खेलों इण्डिया के अंतर्गत प्रतिभावान खिलाडियों को आगे लाने का प्रयास किया जाए
- गांव में बिजली की समस्या का निराकरण कराया जाए, साथ ही वहां पर नए सबस्टेशन व नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना की व्यवस्था की जाए



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । सांसद अक्षय यादव की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं समस्त जनप्रतिनिधियों जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई, इस बैठक में सांसद अक्षय यादव ने जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा एवं अन्य दिशा में किया जा रहें, नवीन पहल की सराहना की साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर कार्य करें, जिससे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके, साथ ही उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाली यह महत्वपूर्ण बैठक है, साल में 3 से 4 बार होनी चाहिए, इस बैठक में सर्वप्रथम दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन0आर0एल0एम0) की समीक्षा की गई, इसमें बताया गया कि जिले में कुल 7734 समूह का गठन किया गया है । 01 अप्रैल 2025 से 15 मई 2025 तक 161 नवीन एस0एस0जी0 का गठन किया गया है । सदस्यों ने कहा कि इसके पीछे महिलाओं के सशक्तिकरण का जो उद्देश्य संचालित है, इसको पूरी शिद्दत के साथ पूरा करने का प्रयास करें, कहीं-कहीं इसके गठन में जो शिकायत आ रही हैं, उसका निवारण भी करें, इसी तरह दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की समीक्षा की तथा निर्देश भी दिए । इसी तरह प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा करते हुए माननीय सदस्यों को बताया गया की 99.30 प्रतिशत आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है माह अप्रैल एवं मई में 66 आवास पूर्ण करायें गये हैं, शेष आवासों को शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा । सदस्यों ने कहा कि इन आवासों को पूर्ण करने हेतु 1 लाख 20 हजार की धनराशि दी जाती है, जो न्यून है, अब इस धनराशि को बढ़ाया जाना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 की समीक्षा करते हुए सदस्यों ने कहा कि गांव से अभी भी पानी निकालने की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, कृपया ऐसी व्यवस्था करें जिसमें गांव में जल निकासी की सुविधा को भी सुदृढ़ किया जा सके, सदस्यों ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत रैहना वाली पुलिया के नाले को भी लिया जाए, जिससे वहां भी अच्छी तरह से साफ सफाई हो सके। इस दौरान सदस्यों ने यह भी प्रश्न उठाया की खतौनी की प्रक्रिया गांव में चल रही है, उस प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाए, साथ ही साथ लेखपालों को निर्देशित किया जाए कि वह इसमें गम्भीरता से कार्य करें, साथ ही बेसिक शिक्षा का मूल्यांकन करते हुए मा0 सदस्यों ने जानना चाहा कि, की क्या, विद्यालयों में दिव्यांग सुलभ शौचालय बन रहें है, इस पर मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि सभी विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय बनाने का कार्य प्रगति पर है, खेलों इण्डिया कार्यक्रम के सम्बन्ध में मा0 सदस्यों ने कहा कि आर्थिक रूप से अक्षम प्रतिभावान खिलाड़ियों की मदद की जाए, साथ ही अहलदादपुर में बने हुए खेल के मैदान को भी सुधारा जाए, जिससे क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाडी लाभ उठा सकें, इस बैठक में विधायक शिकोहाबाद डा0 मुकेश वर्मा, विजय आर्या, एमए डा0 दिलीप यादव, विधायक प्रतिनिधि सिरसागंज ई0 शिवांशू यादव, पूर्व चैयरमैन सिरसागंज सरोज शर्मा, ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव, कमलेश राजपूत, डॉ विजय आर्या सपा नेता ,सहित प्रधान व मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त रिषी राज, डीएफओ विकास नायक, परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी सहित सम्बन्धित आदि अधिकारी उपस्थित रहे ।

# अब प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर पर बनाए जाएंगे फायर स्टेशंन, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया



### जसराना तहसील पर फायर स्टेशन की जल्द ही होगी स्थापना

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फिरोजाबाद। आग जनी की सूचना मिलने के बाद तुरंत रिस्पांस के लिए उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग में अब नए स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है अब अग्निशमन विभाग तहसील के बाद ब्लॉक स्तर पर भी अग्निशमन केन्द्र की स्थापना करेगा।

उत्तर प्रदेश फायर सर्विसेज के डीआईजी सूर्यकांत त्रिपाठी फिरोजाबाद के दौरे पर पहुंचे। सूर्यकांत त्रिपाठी ने फिरोजाबाद के मुख्य फायर स्टेशन और टूंडला फायर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रेस से बातचीत करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग द्वारा फायर स्टेशन की संख्या बढ़ने पर प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है जल्द ही प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर पर फायर स्टेशंस स्थापित किए जाएंगे। जिससे सूचना पर तत्काल आगजनी की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। डीआईजी फायर सर्विसेज ने बताया कि इसको लेकर अग्निशमन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसको अंतिम रूप देने की तैयारी चल रही है और जल्द ही ब्लॉक स्तरीय फायर स्टेशंस को बनाना शुरू किया जाएगा। डीआईजी फायर सर्विसेज ने बताया कि अब तक फायर स्टेशन तहसील स्तर पर हुआ करते थे सभी तहसीलों को संतृप्त करने के बाद अब यह ब्लॉक स्तर पर भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने अग्निशमन विभाग में संसाधनों के अभाव को दूर करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जो 15 साल से ज्यादा पुराने फायर टेंडर से उनको कंडम घोषित करते हुए उनकी नीलामी के बाद नए फायर टेंडर्स की स्वीकृति और आवंटन फायर स्टेशन को किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रदेश भर के सभी मुख्य अग्निशमन अधिकारियों को सूचित किया गया है। फिरोजाबाद जनपद में पांच तहसीलों में से चार तहसीलों पर फायर स्टेशन होने के सवाल पर डीआईजी फायर सर्विस ने बताया कि फिरोजाबाद की जसराना तहसील पर फायर स्टेशन स्थापित नहीं है इसके लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है और जल्द ही यहां पर फायर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। जिससे जसराना तहसील क्षेत्र के इलाके में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर तत्काल प्रभाव से रेस्पॉन्ड किया जाए और आग पर काबू पाया जा सके।

## जसराना में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फिरोजाबाद । ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा कार्यकताओं एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने सोमवार को भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली।तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकताओं के अलावा ग्रामीण,पूर्व सैनिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने भाग लिया। पूर्व विधायक रामगोपाल पप्पू लोधी,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री डॉ सत्यपाल सिंह राजपूत की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय एवं भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे भी लगाए।भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। दुनिया भर के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है।भारतीय सेना के शौर्य की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। वहीं पूर्व विधायक रामगोपाल पप्पू लोधी ने कहा उन्होंने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके विश्व में अपना परचम लहराया है।यह यात्रा लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज से होते हुए पचवा रोड, सब्जी मंडी,मीना बाजार, मेन चौराहा से होकर तहसील पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर डॉ सत्यपाल सिंह राजपूत प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, पूर्व जिला अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर राजीव लोधी ,दिनेश लोधी,राजेश चौहान,मुनेंद्र चौहान, अमरेंद्र लोधी, अमलेश राजपूत मंडल अध्यक्ष जसराना, ओमेंद्र बघेल , देवेंद्र पालीवाल, अतुल शुक्ला मंडल अध्यक्ष खैरगढ़ , सुरेंद्र सावन झा, रामप्रकाश लोधी मंडल अध्यक्ष अवंती नगर, नेम सिंह वर्मा, शीलू सिंह सविता, वीरेंद्र सिंह, विकास राजपूत धीरज बघेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।**

सिरसागंज। तहसील क्षेत्र सिरसागंज के राजकीय महिला महाविद्यालय में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्मजयंती मनाई गई । प्राचार्य कांति शर्मा, रंजना सिंह,अध्यक्ष नगर पालिका सिरसागंज, पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, समाजसेवी रेनू उपाध्याय द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया । इसके बाद विद्यालय प्रांगण में बालिकाओं में सौ सौ मीटर दौड़ कराई गई। जिसमें प्रथम स्थान पर प्रतिभा, द्वितीय स्थान पर बबली और तृतीय स्थान पर मनु रहीं। विजेताओं को समस्त तिथियां द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर डॉ राधेश्याम सिंह, डॉ विक्रांत सिंह, डॉ आशुतोष राय, डॉ नरेंद्र सिंह,डॉ सुरेश चंद्र, डॉ अभिषेक प्रकाश ,डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ सोनल भार्गव,डॉ शालिनी सिंह डॉ नवनिंद्रा, अभिषेक कठेरिया व समस्त महाविद्यालय परिवार ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापक और अध्यापिकाओं को किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। विद्यालय को निपुण बनाने में न्याय पंचायत नगला बलिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कक्षा अध्यापकों और अध्यापिकाओं को ज्योति पाठक खंड शिक्षा अधिकारी टूंडला द्वारा और एआरपी अनिल कुमार के सहयोग से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा एक और दो के निपुण बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों कि उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ साथ बधाई दी। एआरपी और नोडल संकुल शीतल चंद्रा न्याय पंचायत नगला बलिया ने विद्यालय को निपुण बनाने में सभी अध्यापकों के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएं दी। निपुण विद्यालयों के प्रमाण पत्र मनोज कपूर संकुल शिक्षक नगला बलिया द्वारा निपुण स्कूलों में वितरित किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी टूंडला और अनिल कुमार एआरपी का सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वाले शिक्षकों में शीतल देवी, प्रीति अग्रवाल, प्रियंका पांडे, रचना रावत, श्वेता सिंह, ममता कुमारी, पूनम राठौर, प्रतिभा श्रीवास्तव, लोकेश कुमार दयाराम, सीमा चौहान, अनीता, कुसुम लता, गरिमा कुशवाहा, मोहन देवी, आकांक्षा जैन, प्रीति सिंह, नीलम चौधरी, नीतू सिंह, सुनीता रानी रूबी आदि रहे।

# नकब लगाकर दिया चोरी की घटना को अंजाम

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना। थाना क्षेत्र के गावं नगला रती के एक घर में अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। सुबह घर के हालात देख परिजनों चीख पुकार मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पडताल की। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

बिजलीघर के पीछे नगला रती निवासी प्रेमपाल सिंह पुत्र दिलासाराम अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार की सायं वह घर के बाहर सो रहे थे जबकि उनकी पत्नी मकान की छत पर सो रही थी। रात्रि में अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे नकब लगाकर घर में रखे एक जंजीर, मंगलसूत्र, दो अंगूठी, तोडिया, दस हजार रुपया नगद चोरी कर लिए। सुबह जगार होने पर चोरी की घटना के बारे में पता लगने पर पैरों तले जमीन खिसक गई। मकान में चोरी की घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। वहीं सूचना मिलने पर थाना जसराना से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया चोरी की घटना हुई है। तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने चैकिंग में पटाखे फोड़ने वाली बुलेट को किया सीज

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद/टूंडला। सोमवार को पुलिस ने टूंडला नगर में वाहन चेकिंग की थी चेकिंग के दौरान एक पटाखा फोड़ने वाली बुलेट को पुलिस ने सीज किया।

पूरा मामला थाना क्षेत्र टूंडला का है। सोमवार को थाना पुलिस प्रभारी अंजीश कुमार के नेतृत्व में चैकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली कि नगर पालिका वाले रोड पर एक बुलेट साइलेंसर से पटाखा फोड़ते हुए घूम रही है पुलिस ने तत्परता से बुलेट मोटरसाइकिल को पकड़ा। बुलेट चालक को सख्त हिदायत दी गई है। बुलेट का नंबर यूपी 83 बीएच 5074 है। बुलेट मोटरसाइकिल को पुलिस ने सीज किया। थाना प्रभारी अंजीश कुमार ने बताया कि चैकिंग अभियान निरंतर जारी है। मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखा फोड़ने वाली बुलेट को पकड़कर सीज किया गया है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत , रात को दोस्तों के साथ की थी पार्टी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। जनपद की टूंडला कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों के मुताबिक युवक अपने दोस्तों के साथ देर रात आगरा से पार्टी कर कर वापस लौटा था। युवक के पेट में दर्द हुआ और इसके बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने दोस्तों पर बीयर में जहर मिलाकर दिए जाने का आरोप लगाया है। जनपद के थाना क्षेत्र टूंडला के गाँव उलाऊ में एक युवक संजय की



संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक के परिजनों के मुताबिक संजय अपने दोस्त संदीप और गुड्डू के साथ आगरा गया था। वहीं पर उसने दोस्तों के साथ पार्टी की है संजय रात को 11:00 बजे के बाद घर पहुंच गया और सो गया। लेकिन सुबह चार बजे संजय के पेट में अचानक काफी तेज दर्द हुआ दर्द होने के बाद परिजन संजय को अस्पताल लेकर पहुंचे यहां डॉक्टरों ने उसे घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद टूंडला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंजीश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक घटना रविवार की रात की है। संजय के दोस्त संदीप और गुड्डू उसे घर से बुलाकर ले गए। तीनों ने एक होटल में खाना खाया और बियर पी। रात 11 बजे दोनों दोस्त संजय को उसके घर छोड़कर चले गए।कुछ समय बाद संजय को पेट में तेज दर्द शुरू हुआ। सोमवार तड़के करीब 4 बजे परिजन उसे फिरोजाबाद अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने संदीप और गुड्डू पर बियर में जहर मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण पता चलेगा।

**वैधानिक सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मैंने गत वर्ष 2022 में हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक संख्या 1220070582 है। मेरा अंकपत्र व सहपत्र वास्तव में कही खो गए हैं । मेरा नाम प्रांशु कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार ,निवासी ग्राम खोडखेरा, पोस्ट सराय मुरलीधर ,सिरसागंज, फिरोजाबाद है ।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया मुंगेली में नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय का लोकार्पण

## लाइसेंस और पंजीयन संबंधी कार्यों में आमजन को मिलेगी बड़ी सुविधा

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



रायपुर(छत्तीसगढ़)।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम बछेरा में 1करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिले में स्थायी परिवहन कार्यालय भवन की सुविधा का अभाव था,जिससे आम नागरिकों को लाइसेंस,वाहन पंजीयन और अन्य कार्यों में कठिनाई होती थी।अब नए भवन के साथ यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी,जिससे जनता को काफी राहत मिलेगी।लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांच आवेदकों को प्रतीक स्वरूप लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए,जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना है।नये कार्यालय भवन के माध्यम से वाहन पंजीयन,ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रमुख सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।छह एकड़ भूमि में निर्मित इस परिसर में एक एकड़ में कार्यालय भवन तथा पांच एकड़ क्षेत्र ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर के लिए आरक्षित रखा गया है।भवन में 18 कक्ष,6 हॉल,अटैच लेट-बाथ तथा सामान्य शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।कार्यालय को पूर्णतःसुविधायुक्त रूप में डिजाइन किया गया है,जिससे विभागीय कार्यों की दक्षता भी बढ़ेगी।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 से अब तक जिले में 11,721ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं और 49,000 से अधिक वाहनों का पंजीयन हो चुका है।यह आंकड़ा दर्शाता है कि लोगों में परिवहन सेवाओं की बड़ी मांग है,जिसे यह नया कार्यालय सुगमता से पूरा करेगा।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में विकास को गति देने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता और सेवा-सुलभता को बढ़ाना हमारी सरकार का सतत प्रयास है।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू,उप मुख्यमंत्री अरुण साव,विधायक पुन्नूलाल मोहले,धरमलाल कौशिक,मुख्य सचिव अमिताभ जैन,मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह,मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिहार से नेपाल जा रही पिकअप वैन पलटी,2 की दर्दनाक मौत,20 यात्री घायल

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार



पटना(बिहार)।बिहार के सीतामढ़ी में भीषण सड़क हादसा हुआ है।नेपाल जा रही एक पिकअप वैन सुरसंड थाना क्षेत्र के बराही मोड़ पर पलट गई।गाड़ी में 22 लोग सवार थे।इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि 20 यात्री घायल हुए हैं।स्थानीय लोगों की मदद से वाहन को उठाया गया और घायलों को आनन-फानन में सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेजा गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि परिहार थाना क्षेत्र के नुनाही गांव से पड़ोसी देश नेपाल के करौली भगवती स्थान चढ़ावा चढ़ाने के लिए सोमवार की सुबह पिकअप पर करीब 22 लोग सवार होकर सुरसंड भीठ्ठा मोड़ के रास्ते नेपाल जा रहे थे।इसी दौरान पिकअप सुरसंड थाना क्षेत्र के बराही मोड़ के पास गाड़ी पलट गई।हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई,जबकि 20 लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान परिहार थाना क्षेत्र के देवन राय की 52 वर्षीय पत्नी जीरन देवी और मोहित राय के 40 वर्षीय पुत्र गौरी राय के रूप में की गई।दोनों मृतक आपस में दादी-पोता थे।वहीं,घायलों में रागिनी देवी,राधा देवी,बच्ची रानी,चांदनी कुमारी,आदित्य कुमार,गीता राम,विभा देवी,फेकू राय,अंकित कुमार,सुमित कुमार,सावित्री देवी,रामश्रृंजन कुमार,सुमन कुमारी,बदई राय और अन्य 8 लोग शामिल हैं।सभी को इलाज के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की जानकारी मिलते ही नगर थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।उन्होंने बताया कि 2 लोगों की मौत हो चुकी है,जबकि बाकी लोग घायल हुए हैं।हालांकि घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के युवाओं की नहीं अपनी बेरोजगारी को लेकर परेशान है राजद-कांग्रेस के युवराज:मंगल पाण्डेय,मंत्री

पटना(बिहार) स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि राजद और कांग्रेस के युवराज बिहार के युवाओं की नहीं अपनी बेरोजगारी को लेकर परेशान हैं।मगर इनकी बेरोजगारी वर्ष 2025 में दूर होने वाली नहीं है।श्री पाण्डेय ने कहा कि इन दोनों दलों की मिलीभगत से ही बिहार 15 वर्षों तक लूट-खसोट व भ्रष्टाचार का शिकार होकर बदहाल बना रहा।

आज भी बिहार की जनता अपनी दुर्दशा के उन भयावह दिनों को नहीं भूली है।बिहार की जनता को अच्छी तरह से मालूम है कि राजद-कांग्रेस के शासनकाल में बिहार में एक मात्र कोई उद्योग फला-फूला तो वह अपहरण उद्योग था।अपहरण के बाद फिरौती की वसूली सत्ता के संरक्षण में होती थी।श्री पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 1995 से 2000 और वर्ष 2000 से वर्ष 2005 के बीच कांग्रेस के सहयोग व समर्थन से चलने वाली राजद की सरकार इतनी अराजक,दिशाहीन और विकास विरोधी थी कि न केवल एक-एक कर बिहार के सारे उद्योग-धंधे बंद हो गए।

# टर्की, अजरबैजान का बहिष्कार करे, अग्रोहा विकास समिति 1 का आव्हान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अग्रवाल समाज के संगठन अग्रोहा विकास समिति 1 द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें तुर्किये (टर्की) और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार और व्यावसायिक संबंधों का बहिष्कार करने की अपील की गई । इसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है । हाल में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव में दोनों देशों ने पाक का समर्थन किया था । इस घटनाओं को देखते हुए अग्रोहा 1 के अध्यक्ष किशन बिहारी कागजी और मार्गदर्शक आनंद प्रकाश गुप्ता ने सदस्यों और देशवासियों से इन देशों की यात्रा न करने और सभी से इन देशों के साथ सभी संबंधों का बहिष्कार करने की अपील की है ।

सम्मेलन के पश्चात अग्रोहा विकास समिति 1 की ओर से विवेरिया हॉल, सात रास्ता, मुंबई में अपने सदस्यों के लिए द डिप्लोमैट पिक्चर की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई । सच्ची घटनाओं से प्रेरित, सीमा पार साहस की एक कहानी द डिप्लोमैट (2025) जो भारत-पाकिस्तान संबंधों के संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है । द डिप्लोमैट एक बेहतरीन थ्रिलर जिसमें आपका ध्यान भटकाने के लिए कोई गाना नहीं है । यह फिल्म एक भारतीय राजनयिक की सीमा पार से एक युवा भारतीय लड़की को वापस लाने की कहानी बताती है - जहां उसे जबरन शादी के लिए धोखा दिया गया है ।

इस अवसर पर किशन बिहारी कागजी, आनन्द प्रकाश गुप्ता (मित्तल), अरुण बुबना, यशवंत बिहारी कागजी, विनोद तिलकराज अग्रवाल, गोपाल जिंदल, सत्यप्रिय आर्य, देवेन्द्र ओ. अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अरुण गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, चंद्रा प्रकाश सिंघानिया, देवकीलाला अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सूरज रतन अग्रवाल, रणछोड़ दास अग्रवाल आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम के शुरुआत से ही सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और भोजन का आनंद लिया ।

# पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद ने सुंदर भोथरा को महाराष्ट्र राज्य का चेयरमैन किया नियुक्त

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





नई दिल्ली विगत दिवस नई दिल्ली के द कनॉट में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई(भारत) की एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी जी ने की। बैठक का उद्देश्य महाराष्ट्र राज्य के नए चेयरमैन को नियुक्त करना रहा। दिल्ली में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल द्विवेदी जी ने बताया कि उन्होंने मुंबई में रहने वाले सुंदर लाल बोथरा को भरोसा जताते हुए उनको महाराष्ट्र राज्य का चेयरमैन नियुक्त किया है। हालांकि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई(भारत) ने अब तक भारतवर्ष के 11 राज्यों में अपने चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। पत्रकार वार्ता में सुंदर लाल बोथरा ने परिषद का महाराष्ट्र राज्य का चेयरमैन बनने पर हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र में परिषद के माध्यम से पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन की समस्याओं पर राहुल जी के नेतृत्व में कार्य करते हुए परिषद को नई ऊंचाईयों तक ले जाने का कार्य करेंगे और प्रधानमंत्री जी के सपनों को परिषद के माध्यम से महाराष्ट्र में साकार करेंगे। इसके साथ ही परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी जी ने महाराष्ट्र के नवनियुक्त चेयरमैन सुंदर लाल बोथरा को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। इस मौके पर परिषद के वाइस चेयरमैन शैलेश गर्ग के साथ परिषद के राजस्थान के चेयरमैन देशराज वर्मा, डॉ रुचि शर्मा, परिषद के इंडिया ऑपरेशन हेड प्रदीप अवस्थी व जनता की आवाज फाउंडेशन के राष्ट्रीय सलाहकार विपिन गुप्ता,महामंत्री के के नरेड़ा,दिल्ली राज्य अध्यक्ष नवरत्न अग्रवाल,रविन्द्र डब्बास,भगवाना राम प्रजापत,सुभाष सेठिया,महेंद्र चौरडीया,कमलचन्द बोथरा,सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट नवनीत दुगड़,प्रविण रांका एवम अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खेल समाचार

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के 52 वर्षीय पर्वतारोही ने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की

जमशेदपुर (भाषा) टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) के वरिष्ठ प्रशिक्षक 52 वर्षीय मोहन रावत दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के शिखर पर सफलतापूर्वक पहुंचे। यह जानकारी सोमवार को जारी टाटा स्टील की एक विज्ञप्ति में दी गयी। विज्ञप्ति के मुताबिक रावत ने 18 मई को तड़के माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की और नीचे उतरने से पहले करीब 15 मिनट शिखर पर बिताए। उन्होंने खुद को परिस्थितियों से अनुकूल करने के लिए दो मई को माउंट लोबुचे ईस्ट (20,075 फीट) पर चढ़ाई की और फिर तीन मई को वह खुंबू क्षेत्र से ट्रैकिंग करते हुए एवरेस्ट आधार शिविर (17,500 फीट) पहुंचे। इस पर्वतारोही ने शिखर की चढ़ाई 14 मई को शुरू की और 17 मई को शिविर चार ( 26,400 फीट) पहुंचे।

### डच लेडीज ओपन में दीक्षा संयुक्त नौवें, हिताशी संयुक्त 12वें स्थान पर



हिल्वरसम (नीदरलैंड) (भाषा) भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अंतिम दौर में 71 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के डच लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहीं। शुरुआती दो दौर में 71 और 70 का स्कोर बनाने वाली दीक्षा का कुल स्कोर चार अंडर 212 रहा। अन्य भारतीयों में युवा हिताशी बक्शी (71, 73 और 69) संयुक्त रूप से 12वें जबकि अवनी प्रशांत (77, 70 और 67) संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स ने दो शॉट की बढ़त के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना तीसरा खिताब जीता। इससे पहले त्वेसा मलिक (74 और 75) कट से चूक गई थी जबकि प्रणवी उर्स ने चिकित्सा कारणों से पहले दौर के बाद हटने का फैसला किया।

# दिल्ली को 10 विकेट से रौंदकर टाइटंस शान से प्ले ऑफ में, बेंगलुरु और पंजाब ने भी क्वालीफाई किया



नयी दिल्ली (भाषा) सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन के शतक और कप्तान शुभमन गिल के साथ उनकी अटूट दोहरी शतकीय साझेदारी से गुजरात टाइटंस ने लोकेश राहुल के शतक पर पानी फेरते हुए रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से रौंदकर अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और इंडियन प्रीमियर लीग प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया। लगातार तीन जीत के साथ टाइटंस के 12 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स भी समान 12 मैच में 17-17 अंक के साथ प्ले ऑफ में पहुंचीं। दिल्ली की टीम 12 मैच में 13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह मुश्किल होती जा रही है। दिल्ली ने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज की है। अब अंतिम प्ले ऑफ स्थान के लिए दिल्ली और चौथे स्थान पर चल रहे मुंबई इंडियन्स (14 अंक) के बीच मुकाबला है।

राहुल ने 65 गेंद में चार छक्कों और 14 चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 और कप्तान अक्षर पटेल (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की जिससे दिल्ली ने तीन विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब के टाइटंस ने सुदर्शन (नाबाद 108 रन, 61 गेंद, 12 चौके, चार छक्के) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 93 रन, 53 गेंद, सात चौके, तीन छक्के) के बीच पहले विकेट की 205 रन की अटूट साझेदारी से 19 ओवर में बिना विकेट खोए 205 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

सुदर्शन और गिल ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन बनाकर टाइटंस को अच्छी शुरुआत दिलाई। गिल ने धीमी शुरुआत की लेकिन सुदर्शन शानदार लय में नजर आए। सुदर्शन ने अक्षर के पहले ओवर में चौके से खाता खोला जबकि गिल ने बाएं हाथ के इस स्पिनर पर छक्का जड़ा।

सुदर्शन ने दूसरे ओवर में टी नटराजन पर छक्के और तीन चौके से 20 रन बटोरे और फिर अगले ओवर में अक्षर पर भी लगातार दो चौके मारे।सुदर्शन ने अक्षर पर चौके से 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। गिल ने भी अक्षर और कुलदीप यादव पर छक्के मारे।

# गोरखपुर में 236 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा उप्र का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



लखनऊ (भाषा) उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 236 करोड़ रुपये की लागत से राज्य का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार होगा। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने अब प्रदेश में चौथे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है।

आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इसमें दो मंजिला स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें सात मुख्य पिच व चार अभ्यास पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'ड्रीम प्रोजेक्ट्स' में शुमार गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

नियोजन विभाग द्वारा इस विषय में एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपये खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

गोरखपुर में बनने वाले इस अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि पांच एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा।

यह स्टेडियम बहुउद्देशीय यूज मॉड्यूल पर बनेगा, जिससे यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा।

# मैं अनुभव का प्रशंसक हूं, अनुभव टूर्नामेंट जीतने में मदद करता है: फ्लेमिंग

नयी दिल्ली (भाषा) चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का यह सत्र बेहद खराब रहा है लेकिन मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने सोमवार को संकेत दिया कि टीम अनुभव को तरजीह देने की अपनी सोच के साथ समझौता नहीं करेगी।

न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में निवेश करने का वादा करते हुए कहा कि अनुभव टूर्नामेंट जीतने में मदद करता है। अनुभवी खिलाड़ियों और पुरानी रणनीतियों पर अत्यधिक निर्भरता के लिए आलोचना का सामना कर रही पांच बार की चैंपियन टीम दो मैच बाकी रहते तालिका में सबसे नीचे है।

फ्लेमिंग से जब पूछा गया कि क्या आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और नूर अहमद के प्रदर्शन ने टीम प्रबंधन को युवाओं पर भरोसा करने का हौसला दिया है, फ्लेमिंग ने इन खिलाड़ियों की सराहना करते हुए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''निश्चित रूप से उनका प्रभाव सकारात्मक रहा है। हमारे लिये यह एक चुनौतीपूर्ण सत्र रहा है। हमें जल्दी ही अहसास हो गया कि हम लय में नहीं हैं। इसलिए इन खिलाड़ियों को शामिल करने का मौका मिला। हम टीम का फिर से गठन करने की कोशिश कर रहे हैं और ये सभी युवा खिलाड़ी निश्चित रूप से भविष्य के लिए तैयार हैं।''

उन्होंने कहा, ''मेरा हमेशा से मानना रहा है कि युवा और अनुभव का मिश्रण होना चाहिए। मैं अनुभव का प्रशंसक हूं, अनुभव से टूर्नामेंट जीते जाते हैं। इस देश में युवा और प्रतिभा ऐसी चीज है जिसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते।''

फ्लेमिंग से जब जोर देकर पूछा गया कि वह किस तरह से टीम के पुनर्निर्माण की योजना बना रहे हैं । इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि वे उपलब्ध युवा प्रतिभाओं को अच्छे से परखेंगे।

उन्होंने कहा, ''हमने जिन खिलाड़ियों को शामिल किया है, उनके बारे में बात करने से पहले हमें बहुत सारे सवाल मिले। यह इस तीन साल के चक्र के लिए रोमांचक है। आईपीएल के इर्द-गिर्द चुनौतियों में से एक यह है कि हर तीन साल में आपको अपनी टीम को फिर से बनाना होता है।

# एशिया कप से भारत के हटने की खबर अटकलबाजी है: बीसीसीआई सचिव सैकिया



नयी दिल्ली (भाषा) भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को उस खबर को 'अटकलबाजी और काल्पनिक' करार दिया जिसमें दावा किया गया है कि उसने पुरुष एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप से हटने का फैसला किया है।

सूत्रों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई भारतीय टीमों को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की दो प्रतियोगिताओं में ऐसे समय में प्रतिस्पर्धा नहीं करने देगा जब इस क्रिकेट संस्था का नेतृत्व एक पाकिस्तानी कर रहा है और कुछ ही दिन पहले दोनों पड़ोसी देशों के बीच सैन्य संघर्ष हुआ था।

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भी अध्यक्ष हैं और एसीसी के अध्यक्ष का पद भी संभालते हैं। गत चैंपियन भारत सितंबर में टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा जबकि श्रीलंका को महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप आवंटित किया गया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 'पीटीआई' से कहा, ''आज सुबह से ही हमें कुछ ऐसी खबरों की जानकारी मिली है कि बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। ये दोनों ही एसीसी प्रतियोगिताएं हैं। ऐसी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है क्योंकि अभी तक बीसीसीआई ने एसीसी की आगामी प्रतियोगिताओं के बारे में कोई चर्चा या कोई कदम नहीं उठाया है, एसीसी को कुछ भी लिखना तो दूर की बात है।'' सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने कहा, ''इस समय हमारा ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद इंग्लैंड में होने वाली श्रृंखला पर है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रृंखलाएं शामिल हैं। एशिया कप या एसीसी की किसी अन्य प्रतियोगिता से जुड़ा मुद्दा किसी भी स्तर पर चर्चा के लिए नहीं आया है इसलिए इस पर कोई भी खबर या रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें और काल्पनिक है।''

# नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




आगामी एक से सात जुलाई के बीच वृहद पौधरोपण अभियान पूरी तैयारी, समन्वय और जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाए। इसके अंतर्गत वर्ष 2025 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्षित अभियान चलेगा।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह की देवरिया डाक बंगले पर सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह , अंगद तिवारी पूर्व प्रदेश सहसंयोजक एवं त्रिपुणायक विश्वकर्मा माननीय सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश एवं जनपद के कार्यकर्ता बंधुओं से स्नेहिल भेंट हुई।












## कानपुर प्रेस क्लब का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिला



कानपुर,कानपुर प्रेस क्लब का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिला और पत्रकारहित पर सार्थक चर्चा की 1 पत्रकारों के इलाज का इंतज़ाम प्राथमिकता पर कराए जाने की मांग रखी। पाठक ने तत्काल कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कालेज के प्राचार्य संजय काला को फ़ोन कर पत्रकारों और उनके परिजनों के इलाज में प्राथमिकता देने का आदेश दिया। साथ ही यह भी कहा कि पत्रकारों के लिए खासतौर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करें ।जांच और दवाओं के इंतज़ाम भी हों यह भी कहा सरकारी अस्पतालों में पत्रकारों के इलाज में प्राथमिकता रहेगी प्रेस क्लब ने कानपुर में प्रस्तावित पत्रकार सम्मेलन, गोष्ठी और सम्मान समारोह के लिए पाठक को निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया सम्मेलन की तारीख़ शीघ्र तय की जाएगी इस मौके पर कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस वाजपेई, महामंत्री शैलेश अवस्थी, मंत्री शिवराज मौजूद रहे।








स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।